रविवार, 7 जून 2026
www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
# समाज्ञा
कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 4.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 32 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 04:51 | सूर्यास्त: 18:19 |



जापान को 4–1 से हराकर भारत बना पुरूष अंडर–18 एशिया कप चैंपियन पृष्ठ 9

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** अपने ऊपर विश्वास और ईश्वर पर आस्था है तो बन्द द्वार में भी रास्ता है।

# बंगाल में एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी : शुभेंदु अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने राज्य में रेलवे परियोजनाओं के लिए जमीन सौंपने की घोषणा



### बैठक में राज्य के सभी सांसदों व विधायकों के साथ रेलवे के शीर्ष अधिकारी भी रहे मौजूद

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि आने वाले वर्षों में राज्य में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं के वास्ते रेलवे को जमीन देने की समयसीमा तय करने का निर्देश दिया। अधिकारी ने राज्य सचिवालय में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य और केंद्र के बीच टकराव की स्थिति थी। फलस्वरूप बंगाल में रेलवे विकास लगभग ठप हो गया था। अब सरकार बदलने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हम लंबित परियोजनाओं के लिए भूमि और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) उपलब्ध करा दें, तो रेलवे बोर्ड और मंत्रालय के लिए अब भी एक लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का अवसर है। अधिकारी ने बताया कि उनकी सरकार कम से कम 60 परियोजनाओं के लिए भूमि देने के अलावा 'फुट ओवरब्रिज' और 'अंडरपास' के लिए पहले ही 40 एनओसी जारी कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 102 स्टेशनों के आधुनिकीकरण के अलावा, राज्य में 538 'फ्लाईओवर' और 'अंडरपास' बनाए जायेंगे। उन्होंने शनिवार को बैठक में मौजूद जिलाधिकारियों तथा डिजिटल माध्यम से भाग लेने वाले जिलाधिकारियों से रेल मंत्रालय की घोषित परियोजनाओं के लिए भूमि हासिल करने में सहायता करने को कहा, ताकि पूरे राज्य को नेटवर्क के अंतर्गत लाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के दृष्टिकोण और मिशन को स्पष्ट रूप से समझें। जिस तरह हमने बीएसएफ को (बाड़ लगाने के लिए) जमीन मुहैया कराई, उसी उत्साह के साथ हम पश्चिम बंगाल में रेलवे नेटवर्क का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड ने राज्य में लगभग 61 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें जंगलमहल, नंदीग्राम, करीमपुर, जलांगी, तेहट्टा, नदिया, मुर्शिदाबाद, लालगढ़, दक्षिण दिनाजपुर और सुंदरबन की प्रमुख परियोजनाएं और मेट्रो रेलवे विस्तार परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे बोर्ड जमीन खरीदने के लिए शत प्रतिशत वित्तपोषण प्रदान करता है। कुछ मामलों में, राज्य सरकार जमीन खरीदकर रेलवे को सौंप देती है। जहां भी आवश्यक होगा, हम रेल मंत्रालय की सहायता करेंगे। अधिकारी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक समयसीमा तैयार करें, जिसमें यह स्पष्ट हो कि परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि कब तक रेलवे को सौंपी जा सकती है ताकि परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी न हो।

## छह घंटे में सिलीगुड़ी से दिल्ली, पश्चिम बंगाल को मिलेगी बुलेट ट्रेन की सौगात

### अगले पांच वर्ष में कोलकाता मेट्रो के लिए नयी पीढ़ी की 60 ट्रेन शुरू की जाएंगी



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को घोषणा की कि अगले पांच वर्ष में कोलकाता मेट्रो के लिए नयी पीढ़ी की 60 ट्रेन शुरू की जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य में 'डबल इंजन' सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल की रेलवे परियोजनाओं को नयी गति मिलेगी। राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ बैठक के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो नेटवर्क के केवल 28 किलोमीटर हिस्से का निर्माण 42 वर्षों में पूरा हुआ था, जबकि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 45 किलोमीटर नयी मेट्रो लाइन जोड़ी गई हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में कोलकाता मेट्रो के लिए नयी पीढ़ी की 60 ट्रेन शुरू की जाएंगी। आज मैंने कोलकाता मेट्रो में यात्रा की। हम इसका कायाकल्प करेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी–सिलीगुड़ी के बीच प्रस्तावित बुलेट ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी लाना है। उन्होंने कहा कि ये हाई–स्पीड कॉरिडोर सिलीगुड़ी को नयी दिल्ली से मात्र छह घंटे में जोड़ देंगे। यह परियोजना उत्तर बंगाल को देश की राजधानी से तेज गति वाले रेल नेटवर्क के जरिए जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। रेल मंत्री ने कहा कि बंगाल में रेलवे के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है और सभी परियोजनाओं को तेज रफ्तार से आगे बढ़ाया जाएगा।

# संदेशखाली में एसटीएफ ने टीएमसी नेता के तालाब से हथियारों का जखीरा किया बरामद

### पिछले शासन में लोगों को आतंकित करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल किया गया : शुभेंदु अधिकारी

## तृणमूल नेता शेख शाहजहां के 4 करीबी गिरफ्तार, दो लोगों को लिया गया हिरासत में



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की एसटीएफ ने शनिवार को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के मणिपुर इलाके में छापामारी कर मछली पालन में इस्तेमाल होने वाले एक तालाब से बड़ी संख्या में आग्नेयास्त्र व कारतूस बरामद किए। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी एक समय तृणमूल कांग्रेस के प्रभावशाली नेता रहे शेख शाहजहां के करीबी बताए गए हैं। जांच में पता चला कि जिस तालाब से हथियार बरामद हुए, उसका स्वामित्व पूर्व तृणमूल क्षेत्रीय अध्यक्ष रॉबिन दास व उसके भाई गोपाल दास के पास है। छापामारी की भनक लगते ही दोनों फरार हो गए। एसटीएफ उनकी तलाश में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसटीएफ ने सबसे पहले शाहजहां के तीन करीबी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर सरबेरिया इलाके के एक परित्यक्त मकान में छापा मारा गया, जहां से पांच आग्नेयास्त्र बरामद किए गए। इसके बाद, गिरफ्तार आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर मणिपुर गांव में एक अन्य स्थान पर छापेमारी की गई। वहां एक मछली पालन वाले तालाब के अंदर छिपाकर रखे गए 13 और हथियार तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। इसी दौरान एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बरामद हथियारों में 10 लंबी बंदूकें और आठछोटे हथियार शामिल हैं। इसके अलावा, 56 जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## नीट–यूजी 2026: एनटीए ने पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के दावों को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उन दावों को ''झूठा'' और ''कपटपूर्ण'' बताते हुए शनिवार को खारिज, जिनमें राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र के कथित तौर पर लीक होने या बिक्री किये जाने का आरोप लगाया गया था। एनटीए ने इस तरह की सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी। एनटीए ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नीट–यूजी 2026 पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र के ''लीक'' होने, पहले से उपलब्ध होने या ''बेचे'' जाने का दावा करने वाले संदेशों का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को गुमराह करना है। इसने कहा, ''राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे कुछ संदेशों पर ध्यान दिया है, जिनमें नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के प्रश्न पत्र 'लीक' होने, पहले से उपलब्ध होने या 'बेचे' जाने का दावा किया गया है।'' एनटीए ने कहा, ''ये दावे झूठे और कपटपूर्ण हैं और गुमराह करने के इरादे से किए गए हैं।''





**समाज्ञा हिन्दी दैनिक** द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री तापस राय एवं मंत्री उमेश राय का सम्मान करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, प्रमोद दुग्गड़, कमल दुग्गड़, नलिन विलोचन, राम रतन चौधरी, परमेश्वर सिंह, जतन पारेख, राजेंद्र राय, विनोद अग्रवाल एवं अन्य

विस्तृत खबर सोमवार को प्रकाशित होगा

# मोदी के नेतृत्व के दौरान भारत को प्रतिबंधों की धमकी उल्टी पड़ेगी: पुतिन

**सेंट पीटर्सबर्ग :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के दौरान प्रतिबंधों की धमकियों से भारत की संप्रभुता को कमजोर करने की कोई भी कोशिश तुरंत उल्टी पड़ेगी। पुतिन ने यह बात शुक्रवार को वार्षिक सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक फोरम में कही। यह टिप्पणी उन्होंने बृहस्पतिवार रात पीटीआई समेत दुनिया की बड़ी समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बातचीत के दौरान उनकी टिप्पणियों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कही। पुतिन ने कहा, भारत हमेशा एक संप्रभु देश की तरह काम करता है, और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, प्रतिबंधों की कोई भी संभावित धमकी तुरंत उल्टी पड़ेगी। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वह लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी के साथ करीबी बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने उस समय को भी याद किया जब मोदी के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि प्रधानमंत्री मोदी इसे कभी नहीं भूलेंगे। अब जब वह प्रधानमंत्री हैं, तो सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, और जहां तक मैं समझता हूं, अमेरिका और भारत के बीच रिश्ते कामयाबी के साथ बढ़ रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि अगर भारत सुखोई–57 विमान या एस–500 वायु रक्षा मंच जैसी रूसी रक्षा प्रणालियां खरीदता है, तो क्या उसे अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है, पुतिन ने कहा, भारत एक संप्रभु देश है, और वह उन उत्पादों को चुनने के लिए स्वतंत्र है जिन्हें वह अपने लिए सबसे आधुनिक और सबसे उपयुक्त मानता है, तथा जो स्पष्ट रूप से सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करते हैं। चाहे लोग कुछ भी कहें, भारत हमेशा इसी तरह से कार्य करता आया है। उन्होंने कहा, भारत हमेशा अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है।'




# प्रज्ञानानंदा ने रचा इतिहास, नार्वे शतरंज के पहले भारतीय चैंपियन बने

### गृह मंत्री अमित शाह ने प्रज्ञानानंदा और महिला हॉकी अंडर–18 टीम को बधाई दी



**ओस्लो :** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने इतिहास रचते हुए प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। वह इस प्रतियोगिता को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को क्लासिकल मुकाबले में हराकर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और कुल 18 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। अंतिम दौर की शुरुआत में प्रज्ञानानंदा 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे, लेकिन निर्णायक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने बाजी पलट दी। चेन्नई के इस खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की, जो भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी अब तक हासिल नहीं कर सके थे। टूर्नामेंट में उनकी शुरुआत साधारण रही, लेकिन दूसरे हाफ में उन्होंने लगातार चार जीत दर्ज कर जोरदार वापसी की। उनके अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और सात बार के नार्वे शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल मुकाबलों में दो बार पराजित किया।अमेरिका के वेस्ली सो अंतिम दौर से पहले 15.5 अंकों के साथ शीर्ष पर थे, लेकिन अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ उनकी क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही। टाईब्रेक जीतने पर उन्हें केवल 1.5 अंक मिले और उनका कुल स्कोर 17 अंक तक पहुंच सका। इसका फायदा प्रज्ञानानंदा को मिला, जिन्होंने जीत के साथ सीधे शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि पर पीएम मोदी ने ईएसी संग की मंथन बैठक




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि को तेज करने के उपायों पर 'प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद' (ईएसी–पीएम) के सदस्यों के साथ चर्चा की। इस दौरान ईएसी–पीएम के सदस्यों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भारत और दुनिया पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर अपना आकलन भी पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें भारत के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा 'जीवन की सुगमता' और 'कारोबार की सुगमता' सुनिश्चित करने पर भी विचार साझा किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों ने मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने के लिए कई विचारों एवं नीतिगत उपायों पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि उच्च–स्तरीय बैठक में 'जीवन की सुगमता' और 'कारोबारी सुगमता' को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न सुधारों पर भी विचार–विमर्श किया गया। ईएसी एक स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक एवं संबंधित मुद्दों पर सलाह देता है। इस बैठक में सलाहकार परिषद के सदस्यों के अलावा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा एवं शक्तिकांत दास भी शामिल हुए। वर्तमान में ईएसी में एक चेयरमैन, तीन पूर्णकालिक सदस्य और 11 अंशकालिक सदस्य हैं। इसके प्रमुख एस. महेंद्र देव हैं, जबकि संजय कुमार मिश्रा, संजीव सान्याल एवं शामिका रवि पूर्णकालिक सदस्य हैं। परिषद के 11 अंशकालिक सदस्यों में राकेश मोहन, साजिद जेड चिनॉय, नीलकंठ मिश्रा, नीलेश शाह, टीटी राम मोहन, सौम्य कांति घोष, केवी राजू, चेतन घाटे, पामी दुआ, पुलक घोष और गौरव वल्लभ शामिल हैं।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 जून, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष सप्तमी, 27:23 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 07:45 तक, योग : वैधृति, 09:49 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:19, चन्द्रोदय : 24:04, चन्द्रास्त: 11:11, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 17:12 से 18:51

## साप्ताहिक : राशिफल
## 07-06-26 से 13-06-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते हफ्ते के मुकाबले कहीं ज्यादा शुभता और लाभ लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत किसी शुभ समाचार से होगी। घर में किसी प्रिय सदस्य के आने से खुशियों का माहौल बना रहेगा। भूमि-भवन से जुड़े विवादित मामलों में बातचीत के जरिए समाधान निकलने की गुंजाइश बनेगी। परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की मदद से स्वजनों के साथ उभरे हुए मतभेद समाप्त होंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह के मध्य का समय मनचाहे फल देने वाला साबित होगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों को इस सप्ताह भी अपनी सेहत, संबंध और समय का विशेष ख्याल रखना होगा। इस दौरान आपको किसी दूसरों के पचड़े में पड़ने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस करने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में आपको मौसमी बीमारी को लेकर भी खूब सचेत रहना होगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह समय आपके लिए कुछ प्रतिकूल नज़र आ रहा है। विशेष रूप से पेट संबंधी कष्ट की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में खान-पान एवं दिनचर्या सही रखें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह आपको करियर-कारोबार में उतार-चढ़ाव भरी स्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को कामकाज से जुड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में विरोधी सक्रिय रहेंगे और आपके कार्य में बाधाएं डालने की कोशिश करेंगे। अचानक से पद या जिम्मेदारियों में बदलाव की भी आशंका बनी होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिल पायेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह पूर्णत: अनुकूल रहने वाला है। इस हफ्ते आपको घर और बाहर दोनों जगह लोगों से मनचाहा सुख-सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा। करियर-कारोबार में अनुकूलता बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के कद एवं पद में वृद्धि के योग बनेंगे। इस सप्ताह आपको जहां एक ओर करिअर आदि मामलों में शुभ फलों की प्राप्ति होगी, वहीं परिवार से जुड़ी किसी बड़ी समस्या का समाधान निकल आने पर आप सुकून महसूस करेंगे। व्यवसाय में मनचाहा लाभ होगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी खर्चीला रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत में अचानक से कुछ एक बड़े खर्च आ सकते हैं, जिसे पूरा करने के लिए आपको धन उधार भी लेना पड़ सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले आपकी चिंता का कारण बनेंगे। इस सप्ताह आपको जीवन से जुड़ी समस्याओं को एक-एक करके धैर्यपूर्वक सुलझाने की आवश्यकता रहेगी। हालांकि कठिन समय में आपके संगी साथी और शुभचिंतक मजबूती से आपकी ढाल बनकर खड़े रहेंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य को लिए हुए है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरे होते हुए नजर आएंगे। घर और बाहर दोनों जगह लोगों से मनचाहा सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा। इस सप्ताह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे और अंततः अपने परिश्रम और प्रयास के सभी कंपटीटर को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल जाने में कामयाब हो जाएंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस सप्ताह बड़े लाभ की प्राप्ति संभव है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह की शुरुआत मिश्रित फलदायक कही जाएगी। इस दौरान इस राशि के जातकों को अपने सोचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करने होंगे। कार्यक्षेत्र से जुड़ी दिक्कतों के साथ घर-परिवार से जुड़ी समस्याएं भी आपकी चिंता का कारण बनेंगी। चूंकि सप्ताह के पूर्वार्ध का समय पारिवारिक सुख की दृष्टि से समय मध्यम फलकारी बना रहेगा, ऐसे में आपको स्वजनों के साथ बात-व्यवहार में विनम्रता बनाए रखने की आवश्यकता रहेगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते सप्ताह के मुकाबले कहीं ज्यादा शुभ एवं लाभप्रद कहा जाएगा। यद्यपि करियर-कारोबार और जीवन से जुड़ी कुछेक समस्याओं का पूर्ण रूप से निराकरण इस सप्ताह भी नहीं हो पाएगा, लेकिन उनके दूर होने की संभावनाएं बनेंगी। आपके शुभचिंतक आपकी परेशानियों को दूर करने में काफी मददगार साबित होंगे। यदि आप कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते हैं तो आपको इस सप्ताह कोई बड़ा काम मिल सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह राहतकारी कहा जाएगा। इस सप्ताह भले ही आपकी तमाम समस्याओं का समाधान पूरी तरह से न निकल पाए लेकिन परन्तु परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहेंगी। यदि आप बीते कुछ समय से सेहत को लेकर परेशान चल रहे थे तो इस हफ्ते उसमें सुधार होने की संभावना है। धनु राशि को इस बात को भली भांति समझना होगा कि परिस्थितियां थोड़ी अनुकूल हुई हैं, लेकिन विपदा अभी पूरी तरह से नहीं टली है। ऐसे में आपको अपने कामकाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने से बचना होगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए कहा जाएगा। इस सप्ताह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। सोचे हुए कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरा होने पर आपके भीतर आत्मविश्वास और पराक्रम बढ़ेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो इस सप्ताह आपको अनावश्यक खर्चों से निजात मिलेगी और पुनः अपेक्षित व्यापारिक संबंध स्थापित होंगे। यदि आप अपने कारोबार के विस्तार के लिए धन के प्रबंधन में जुटे हुए हैं तो आपकी इस समस्या का भी समाधान निकल आएगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए आपको विशेष परिश्रम और प्रयास करने होंगे। किसी प्रभावी व्यक्ति की मदद से ही अंततः आपके काम बन पाएंगे। व्यवसाय की दृष्टि से यह सप्ताह मध्यम फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में बाजार में बनी हुई मंदी आपकी चिंता का कारण बनेगी, हालांकि उत्तरार्ध तक एक बार चीजें धीरे-धीरे ही सही लेकिन पटरी पर लौटती हुई नजर आएंगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी कहा जाएगा। इस सप्ताह आपको आलस्य और अभिमान से बचने की आवश्यकता रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में परिवार के किसी प्रिय सदस्य से जुड़ी समस्या को लेकर मन चिंतित रहेगा। इस सप्ताह मीन राशि के जातकों को अपने धन, समय और ऊर्जा का प्रबंधन करके चलना उचित रहेगा। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो आपको अपने कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। खास बात ये कि परिश्रम और प्रयास करने पर आपको सकारात्मक फल की प्राप्ति होगी।

# उत्सव के रंग में किसी ने भंग डाला तो वर्तमान तो जाएगा ही, भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा: योगी



**गोंडा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को चेतावनी देते हुए कहा कि उत्सव के रंग में अगर किसी ने भंग डालने का काम किया तो उसका वर्तमान तो जाएगा ही, भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में 516 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, '2015-16 में गोंडा में दुर्गा पूजा में दंगे का प्रयास हुआ था और मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करने नहीं दिया जाता था।'' उन्होंने कहा, 'रामलीला में अड़चन डाली जाती थी। उत्सव प्रारम्भ होने से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। बेटी, व्यापारी सुरक्षित नहीं थे और 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग पेशेवर गुंडों को शरण देते थे और प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था।' योगी ने 2017 के बाद अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की और चेतावनी भरे लहजे में कहा, 'उत्सव के रंग में किसी ने भंग डालने का काम किया तो, वर्तमान तो जाएगा ही, उसका भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।' योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, 'गोंडा का विकास तुष्टीकरण, अराजकता, भाई-भतीजावाद और जातिवाद की भेंट चढ़ गया था।' उन्होंने अपनी सरकार में सबके लिए समान व्यवहार का जिक्र करते हुए कहा, 'हर पात्र व्यक्ति चाहे वह किसी जाति, मत-संप्रदाय का हो, अगर वह पात्रता की श्रेणी में आता है तो उसके साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।' मुख्यमंत्री ने लोगों को आगाह किया, 'अगर आप अच्छे लोगों और अच्छी सरकार को चुनते हैं तो परिणाम अच्छे होंगे। गलत लोग चुनोगे तो उसके खामियाजे से कोई बचा नहीं पाएगा।' उन्होंने 2017 से पहले के दौर पर निशाना साधते हुए कहा कि तब 'विकास एक गांव तक ही सीमित रह जाता था, सब कुछ वहीं होता था'। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने मेडिकल कॉलेज बनवाते समय भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा, 'जब मेडिकल कॉलेज बनाने थे तो हमने यह नहीं कहा कि वे सैफई में बनेंगे। हमने कहा कि वे गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या और बस्ती में बनेंगे।' अयोध्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब तो श्री अयोध्या धाम में राम भक्त के अलावा कोई 'रामद्रोही' घुस ही नहीं सकता... अयोध्या में ऐसी व्यवस्था की गई है। आज अयोध्या चमक रही है और हर व्यक्ति जो वहां जाता है गौरव की अनुभूति करता है।

### अच्छे लोगों और अच्छी सरकार का चुनाव करेंगे तो परिणाम भी अच्छे होंगे : योगी आदित्यनाथ

**गोंडा/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य में समाजवादी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले विकास 'एक गांव तक सीमित'' था। उन्होंने लोगों से 'अच्छे लोगों' को चुनने की अपील करते हुए कहा कि अच्छी सरकार बनने पर ही अच्छे परिणाम मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने गोंडा में 516 करोड़ रुपये की लागत वाली 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'यदि आप अच्छे लोगों और अच्छी सरकार का चुनाव करेंगे तो परिणाम भी अच्छे होंगे। यदि गलत लोगों का चुनाव करेंगे तो उसके दुष्परिणामों से कोई नहीं बचा सकता।' आदित्यनाथ ने कहा, 'पहले ऐसा ही होता था। वर्ष 2017 से पहले जब गलत सरकार आती थी तो विकास एक गांव तक सिमट जाता था।'

## पवन सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी से भेंट की



**पटना:** बिहार विधानपरिषद के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उम्मीदवार घोषित किये जाने के एक दिन बाद भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष संजय सरावगी से मुलाकात की। सिंह ने प्रदेश भाजपा के महासचिव (संगठन) भीखूभाई दलसानियां से भी भेंट की। भोजपुरी सुपरस्टार ने काराकट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ा था। सिंह ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से कहा, पार्टी मेरे लिए मां के समान है। मैं भाजपा का एक विनम्र कार्यकर्ता हूं और पार्टी द्वारा मुझे सौंपी गई हर जिम्मेदारी या निर्देश का पालन करूंगा। यह अवसर देने के लिए पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व का मैं आभारी हूं। मुख्यमंत्री ने अपने फेसबुक हैंडल पर सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख की तस्वीरें साझा कीं। मयूख भी विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में पार्टी प्रत्याशी हैं। सिंह और मयूख की सम्राट से मुलाकात शनिवार को यहां मुख्यमंत्री आवास पर हुई। भाजपा ने विधानपरिषद चुनाव के लिए शुक्रवार को सिंह और मयूख समेत अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा की। सिंह पहली बार विधान परिषद में चुनाव लड़ेंगे जबकि मयूख लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के अन्य दो उम्मीदवार अनिल ठाकुर और शीला पंडित हैं। इसके अलावा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भी तीन उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें नीतीश कुमार के बेटे निशांत भी शामिल हैं। निशांत पिछले महीने बिहार सरकार में मंत्री बने थे।

## राबड़ी के आवास पर राजद नेताओं ने दिया पहरा, दावा किया: पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सुरक्षा लौटाई



**पटना:** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर शनिवार को उस समय नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कई नेता वहां पहरा देते दिखे। राजद नेताओं ने दावा किया कि उनकी नेता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा 'अनुचित' व्यवहार किए जाने के विरोध में अपनी सुरक्षा 'वापस' कर दी है। यह घटनाक्रम 10, सर्कुलर रोड स्थित उस सरकारी बंगले को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित किए जाने के तुरंत बाद सामने आया, जहां राबड़ी देवी दो दशक से रह रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य विधान परिषद में विपक्ष की नेता होने के नाते उन्हें आवंटित 39, हार्डिंग रोड स्थित आवास में जाने से इनकार कर दिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार ने उनके पूरे परिवार की सुरक्षा श्रेणी कमतर कर उन्हें एक और झटका दिया था। राजद प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव ने कहा, 'यह भाजपा नीत सरकार की हमारे नेताओं लालू (प्रसाद), राबड़ी और तेजस्वी (यादव) को अपमानित करने की चाल है। इन सभी ने उन्हें दी गई सुरक्षा वापस कर दी है, लेकिन सत्ता पक्ष को इसकी कोई परवाह नहीं है, क्योंकि वह चाहता है कि हमारे नेताओं की हत्या हो जाए।' यादव राजद के उन नेताओं में शामिल थे, जो राबड़ी देवी के आवास के द्वार के सामने सबसे पहले आकर बैठे। उन्होंने कहा, 'अब से राजद कार्यकर्ता यह जिम्मेदारी खुद उठाएंगे कि हमारे नेता सुरक्षित रहें। मैं यहां उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने आया हूं। मेरे कई साथी भी मेरे साथ जुड़ेंगे।' राजद नेता आभा लता दिन में बाद में 10, सर्कुलर रोड पहुंचीं। उन्होंने राबड़ी देवी से वीडियो कॉल पर बात की और उन्हें आवास के द्वार पर मौजूद भीड़ दिखाई। आभा लता ने पत्रकारों से कहा, ''हम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कदम की निंदा करते हैं।

## चिराग पासवान ने अशरफ अंसारी को विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार बनाया



**पटना:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को अपनी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास-एलजीपी-आरवी) के प्रवक्ता अशरफ अंसारी को बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। चिराग पासवान ने अपने 'एक्स' हैंडल पर यह घोषणा की, जिसमें उन्होंने अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान के साथ अंसारी के लंबे जुड़ाव को याद किया। बिहार की 75 सदस्यीय विधान परिषद की नौ सीट के लिए 18 जून को चुनाव है। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने से उनके द्वारा खाली की गई विधानपरिषद सीट पर उपचुनाव भी होगा। लोजपा (राम विलास) के मैदान में उतरने के साथ, राजग उम्मीदवारों की संख्या आठ हो गई है। उनमें उपचुनाव वाली सीट अलग है। शुक्रवार को, भाजपा ने अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा की थी, जिनमें भोजपुरी कलाकार पवन सिंह भी शामिल हैं।

## पटना में अपने कोचिंग संस्थान में तोड़फोड़ के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर करेंगे 'खान सर'

**पटना:** 'खान सर' के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के एक वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल पटना दीवानी अदालत में अग्रिम जमानत के लिये याचिका दायर करेंगे। खान के कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ के संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी में उनका नाम शामिल किया गया है। वकील अरविंद कुमार महुआर ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल को बदनाम करने की साजिश के तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि 'खान ग्लोबल स्टडीज इंस्टिट्यूट' में तोड़फोड़ के मामले से जुड़ी प्राथमिकी में शिक्षक और यूट्यूबर फैसल खान का नाम शामिल किया गया है। पुलिस ने कोचिंग संस्थान के दो गार्ड को हिरासत में लिया था। आरोप है कि मंगलवार रात 15-20 लोगों के एक समूह ने कोचिंग सेंटर का पोस्टर फाड़ दिया और परिसर में पथराव किया। इस दौरान दोनों गार्ड ने कथित रूप से गोलियां चलाईं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन कर स्वस्थ-समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की

**लखनऊ/बलरामपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर स्वस्थ-समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। उन्होंने मां की आरती उतारी तथा सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। एक सरकारी बयान के अनुसार योगी शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे। यहां विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास के बाद उन्होंने मंदिर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। योगी ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का भी निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की। उसके बाद वह गोंडा के लिए रवाना हो गया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास जी, विधायक पलटूराम, कैलाश नारायण शुक्ल आदि भी मौजूद रहे।

## पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी को बिहार एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश से दबोचा

**पटना:** बिहार पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने उत्तर प्रदेश से 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बिहार एसटीएफ और उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त अभियान में यह गिरफ्तारी की गई। बयान के अनुसार, बिहार के भोजपुर जिले के बहोरनपुर पुलिस थाना क्षेत्र के गौरा गांव के निवासी अंगद ठाकुर उर्फ संतोष ठाकुर को उत्तर प्रदेश के सहतवार पुलिस थाना क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि ठाकुर भोजपुर जिले के शीर्ष-10 वांछित अपराधियों में शामिल है और वह वर्ष 2021 में बहोरनपुर थाने में दर्ज एक मामले में फरार था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ बहोरनपुर थाने में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है और उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## राजस्थान: मुख्यमंत्री शर्मा ने खारी का लाम्बा गांव में ग्रामीणों से मुलाकात की



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह भीलवाड़ा के खारी का लाम्बा गांव में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शर्मा ने शुक्रवार रात इसी गांव में विश्राम किया था। शर्मा शनिवार सुबह गांव के भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने गांव के बुजुर्गों जिनमें विशेषकर 107 वर्ष की कुमकुम देवी और 102 वर्ष के ओंकार तेली से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, दिनचर्या एवं जीवन के अनुभवों की जानकारी ली। इस दौरान बुजुर्गों ने उनके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान घर-घर जाकर ग्रामीणों के हालचाल जाने। साथ ही बच्चों को चॉकलेट दी। उन्होंने गांव के रघुनाथ मंदिर और हनुमान मंदिर में दर्शन किए। वहीं, फूलसागर तालाब किनारे योग कर रहे युवाओं के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने श्रमदान के साथ तालाब के सौंदर्यीकरण करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने शीशम का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा करते हुए गांव की आवश्यकताओं और विकास कार्यों पर विस्तार से बातचीत की। वहीं, ग्रामीणों की मांगों पर मुख्यमंत्री ने उप स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने तथा खेल मैदान विकसित करने की घोषणा की।

## कुछ ताकतें देश के युवाओं को 'नकारात्मक राजनीति' की ओर धकेलने की कोशिश कर रहीं: नितिन नवीन



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को आरोप लगाया कि कुछ ताकतें देश के युवाओं को 'नकारात्मक राजनीति' की ओर धकेलने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, विदेश में बैठे कुछ लोग यह मान लेते हैं कि वे भारत के युवाओं को दिशा-निर्देश दे सकते हैं। नवीन ने रांची में बुद्धिजीवियों के साथ संवाद के दौरान कहा, आज के युवा राष्ट्र निर्माण और अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम करना चाहते हैं। लेकिन कुछ ताकतें देश के युवाओं को सत्ता विरोधी बनाने की कोशिश कर रही हैं। भाजपा अध्यक्ष झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं और इस दौरान वह पार्टी के कई कार्यक्रमों और संगठनात्मक बैठकों में भाग लेंगे। नवीन ने कहा, जो लोग देश के युवाओं को नकारात्मक राजनीति की ओर धकेलना चाहते हैं, मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि भारत के युवा सकारात्मक राजनीति का चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को विरोध करने का अधिकार है लेकिन लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के युवा नवाचार और सृजनशीलता के लिए जाने जाते हैं। नवीन ने कहा, उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रयासों के कारण लगभग दो लाख स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। देश का लक्ष्य वैश्विक आईटी हब बनना है। उन्होंने कहा, पड़ोसी देशों में हमने जो सत्ता-विरोधी आंदोलन देखे हैं, वे देश के उन युवाओं के लिए कभी भी उपयुक्त नहीं हो सकते, जो अनुशासित तरीके से राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विदेश में बैठे कुछ लोग सोचते हैं कि वे भारत के युवाओं को दिशा दे सकते हैं लेकिन युवा कुछ लोगों के हाथों की कठपुतली नहीं बनने वाले।

## मुजफ्फरनगर में ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला-बच्चे समेत तीन की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर जिले में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक महिला और एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना छपार थाना क्षेत्र के सिसोना गांव के पास हुई। उसने कहा कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. रविशंकर ने बताया कि मृतकों में एक महिला, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल हैं। फिलहाल तीनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## वर्ग पहेली नं. 3462

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | 9 | | | ■ | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 15 | ■ | | ■ | ■ | 16 | |
| 17 | | | | ■ | 18 | | 19 | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

*बायें से दायें:-* 2) बरछा; भाला; लकड़ी का मोटा डंडा, 4) सदस्य, 7) धैर्य, 8) बहुत से आभूषण, 9) दुःखित, 10) ताकत, 11) बड़ी मज़बूत चारपाई, 13) सर्जनात्मक; जो देशोन्नति से संबंधित हो, 16) दूल्हा, 17) पीड़ित; दुर्दशाग्रस्त, 18) परीक्षा लेनेवाला, 20) एक-एक, 21) दारू, 24) तथ्य, 25) आना-जाना, 27) नाम पर; किसी के प्रति, 28) जो रंगीन न हो; धवल; दूधिया, 29) हाथ का पंजा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बिना आँख की, 2) लंकादाही हनुमान, 3) ज़ायकदार; दिलचस्प; मनारंजक, 4) तारीफ़; प्रशंसा करना, 5) उबाला हुआ चावल, 6) धोखा, 10) निरर्थक बोलना, 12) गणेश, 14) तोता, 15) अलबेला; मनमौजी, 17) भुलावा, 19) योग्यता; सामर्थ्य, 22) अहोरात्र, 23) पूर्वज, 24) तर्कवितर्क, 25) स्मरण, 26) तिब्बती जंगली भैंसा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | हा | व | सा | न | ■ | ज़ | ■ | भो | ज |
| खा | ल | ■ | ■ | ग | र | मा | ग | र | म |
| भा | ■ | श | री | र | ■ | न | ■ | ■ | ना |
| ल | बा | र | ■ | वा | ■ | त | म | क | ■ |
| ■ | ब | द | न | सी | ब | ■ | नो | च | ना |
| बे | र | ■ | फ़ | ■ | द | ■ | र | ■ | द |
| ज़ | ■ | ओ | र | ■ | ना | मु | म | कि | न |
| बा | जा | ■ | त | मा | म | ■ | ■ | ध | ■ |
| न | न | द | ■ | टी | ■ | म | हा | र | त |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3420

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 7 | | |
| 5 | | | | 9 | | 8 | | |
| 8 | | | | | | | 6 | 5 |
| | | | 6 | | | | | |
| | | 9 | | 5 | | | 7 | |
| | | 1 | | | | | 5 | |
| | 3 | 7 | 2 | | | 4 | 1 | |
| | | 4 | | 7 | 3 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3419 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 3 |

# अश्विनी वैष्णव ने राज्य में रेलवे परियोजनाओं में अवरोध के लिए तृणमूल सरकार को ठहराया दोषी

## केंद्रीय मंत्री ने चिंगरीघाटा में मेट्रो के काम का किया निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में कई रेलवे और मेट्रो परियोजनाएं पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के 'सहयोग की कमी' के कारण वर्षों से ठप पड़ी थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के दृष्टिकोण में बदलाव के बाद अब काम में तेजी लाई जाएगी। राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ एक बैठक के दौरान, वैष्णव ने दावा किया कि तृणमूल शासन के तहत बंगाल में रेलवे परियोजनाओं को अनुमतियों, भूमि मुद्दों और कानूनी चुनौतियों को लेकर बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ा है, जिसे उन्होंने विकास विरोधी करार दिया। वैष्णव ने दावा किया कि पिछली सरकार ने विकास के सभी रास्तों को अवरुद्ध कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास बंगाल के लिए योजनाएं हैं, और यह राज्य में रेलवे परियोजनाओं के लिए आवंटित 14,205 करोड़ रुपये से स्पष्ट है। संप्रग सरकार के तहत बंगाल को केवल 4,000 करोड़ रुपये मिले थे। हाल के वर्षों में मेट्रो रेल विकास की गति पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से विस्तार कार्य में काफी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि 42 वर्षों में कोलकाता मेट्रो का केवल 28 किलोमीटर का काम पूरा हुआ। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद परियोजनाओं में तेजी लाई गई। 12 वर्षों में कोलकाता मेट्रो का 45 किलोमीटर और विस्तार हो गया। इसे कहते हैं विकास कार्य। वैष्णव ने आरोप लगाया कि पहले तो सामान्य मंजूरी में भी देरी हुई, जिससे मेट्रो और रेलवे के महत्वपूर्ण कार्यों पर असर पड़ा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, टीएमसी सरकार ने हमें कई परियोजनाओं के लिए अनुमति नहीं दी। कुछ मामलों में तो वे अदालतों में भी चले गए। उन्होंने कोलकाता मेट्रो लाइनों के चिं-गरीघाटा खंड में लंबे समय तक होने वाली देरी को उदाहरण के रूप में उद्धृत किया। वैष्णव ने कहा कि चिंगरीघाटा में कोलकाता मेट्रो परियोजना के लिए, हमने कोलकाता पुलिस की सलाह के अनुसार योजना बनाई थी। इसके बावजूद, टीएमसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और बाद में उच्चतम न्यायालय का रुख किया। वे यात्रियों को मेट्रो रेल का लाभ नहीं मिलने देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि टीएमसी विकास विरोधी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले महीने राज्य में पहली भाजपा सरकार बनने के बाद स्थिति में बदलाव आना शुरू हो गया, जिससे लंबित कार्यों का तेजी से निष्पादन संभव हो सका। वैष्णव ने कहा कि अब जब बंगाल में बदलाव आ चुका है, तो प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को साकार करना हमारी जिम्मेदारी बन गई है और हम मिलकर काम करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि काफी समय से लंबित प्रक्रियात्मक अड़चनें दूर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), जो केवल कागजी कार्रवाई थी, पिछली सरकार द्वारा रोक दी गई थी। वह समस्या अब हल हो गई है। भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याएं भी सुलझने लगी हैं।

### कोलकाता मेट्रो में सफर कर यात्रियों से मिले अश्विनी वैष्णव

#### चिंगरीघाटा मेट्रो परियोजना का भी किया निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कोलकाता दौरे के दौरान जय हिंद विमानबंदर (एयरपोर्ट) मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा स्टेशन तक मेट्रो में सफर कर यात्रियों से बातचीत की और मेट्रो सेवाओं को लेकर उनकी राय जानी। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के यात्रा अनुभव और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। नोआपाड़ा स्टेशन पहुंचने के बाद रेल मंत्री ने आम यात्रियों के अनुभव को समझने के लिए ऑटो-रिक्शा से भी यात्रा की। उन्होंने स्टेशन कर्मचारियों से भी मुलाकात कर परिचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की। बाद में, वैष्णव ने नवान्न में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ बैठक कर राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं और उनके विस्तार पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि अगले चार से पांच वर्षों में कोलकाता मेट्रो नेटवर्क में लगभग 60 नई पीढ़ी की मेट्रो ट्रेनों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे मेट्रो सेवाएं आधुनिक होंगी और शहर में शहरी परिवहन व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इसके बाद, रेल मंत्री ने कवि सुभाष-एयरपोर्ट मेट्रो की ऑरेंज लाइन परियोजना के चिंगरीघाटा क्रॉसिंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने हाल ही में रिकॉर्ड समय में पूर्ण हुए सेगमेंट लॉन्चिंग कार्य की सराहना की और कहा कि मेट्रो विस्तार परियोजनाएं कोलकाता के यात्रियों की सुविधा और कनेक्टिविटी को नई दिशा देंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में 45 किलोमीटर नए मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया गया है, जबकि 2014 से पहले यह आंकड़ा 28 किलोमीटर था।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु ने एलएंडटी के चेयरमैन से बंगाल के औद्योगिक पुनरुत्थान पर चर्चा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एस एन सुब्रमण्यन के साथ बैठक की जिसमें राज्य में औद्योगिक संभावनाओं और बड़े निवेश को आकर्षित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। अधिकारी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनकी सुब्रमण्यन के साथ कोलकाता हवाई अड्डे पर करीब 30 मिनट की एक सकारात्मक और सार्थक बैठक हुई, जिसमें राज्य के औद्योगिक पुनरुत्थान पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हमने औद्योगिक विकास के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने, बड़े निवेश आकर्षित करने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, ताकि राज्य के युवाओं के लिए सार्थक रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। अधिकारी ने कहा कि राज्य में अपार संभावनाएं हैं और औद्योगिक दिग्गजों के साथ रणनीतिक सहयोग राज्य के आर्थिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## एसआईआर सूची से होगा राशन कार्डों का मिलान

### सरकार रद्द करेगी 63 लाख संदिग्धों के कार्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की भाजपा सरकार ने सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं और राज्य के खजाने पर बढ़ते वित्तीय बोझ को कम करने के लिए बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने खाद्य साथी योजना के तहत मुफ्त और रियायती दरों पर अनाज प्राप्त कर रहे अपात्र तथा फर्जी लाभार्थियों की पहचान कर उनके राशन कार्ड रद्द करने का फैसला लिया है। राज्य सरकार की ओर जारी निर्देश के अनुसार, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जिन लोगों के नाम कटे हैं ऐसे राशन कार्डों को चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सरकार का दावा है कि इस कदम से योजनाओं में हो रहे फंड के दुरुपयोग और लीकेज पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आदेश में कहा गया है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 63 लाख लोगों की पहचान की जाएगी। यदि जांच में वे राशन योजना के पात्र नहीं पाए जाते हैं, तो उनके राशन कार्ड तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए जाएंगे। हालांकि, सरकार ने मानवीय और कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राहत भी दी है। जिन लोगों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है या एसआईआर ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर कर रखी है, उनके राशन कार्ड अंतिम निर्णय आने तक सक्रिय बने रहेंगे।

## मेयर के इस्तीफे के बाद राज्य सरकार ने कोलकाता नगर निगम बोर्ड को जारी किया नोटिस

### तीन दिन में मांगा जवाब



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) से यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसके बोर्ड को भंग क्यों न कर दिया जाए। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम के मेयर पद से इस्तीफे के बाद शहर के नागरिक प्रशासन में उत्पन्न ताज़ा अनिश्चितता के बीच राज्य सरकार ने इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शहरी विकास एवं नगर निगम विभाग ने कोलकाता नगर निगम अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के तहत निगम को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। हकीम ने शुक्रवार को मेयर पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके 24 घंटे से भी कम समय के भीतर यह कदम उठाया गया। भाजपा सरकार ने नोटिस में कहा कि नगर निगम कोलकाता के निवासियों के प्रति अपने दायित्वों को निभाने में विफल रहा और मेयर के इस्तीफे से निगम के सामान्य कामकाज व नागरिक सेवाओं के वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अधिकारियों ने बताया कि नोटिस की प्रतियां नगर आयुक्त, नगर सचिव और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजी गई हैं। सरकार ने केएमसी अधिनियम की धारा 117 का हवाला दिया, जो प्रदेश सरकार को नगर निगम द्वारा वैधानिक कर्तव्यों का पालन न करने, लगातार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में चूकने या अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने की स्थिति में कार्रवाई करने का अधिकार देती है। नोटिस के मुताबिक, मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर सरकार को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि क्या निगम अपने संवैधानिक और वैधानिक दायित्वों को पूरा करने में सक्षम है। नोटिस में बताया गया कि कोई भी निर्णय लेने से पहले, कानून के अनुसार नगर निकाय को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना अनिवार्य है इसलिए निगम को तीन दिनों के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

### बिधाननगर नगर निगम मेयर के इस्तीफे के बाद कमिश्नर संभालेंगे कमान

उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर नगर निगम को आधिकारिक तौर पर भंग कर दिया गया है। हाल ही में, गुरुवार को बिधाननगर नगर निगम की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के ठीक बाद राज्य प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए पूरे नगर निगम को भंग करने का फैसला किया। राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद पश्चिम बंगाल नगर विकास एवं नगर निगम विभाग द्वारा इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। निर्देशिका के अनुसार, बिधान-नगर नगर निगम को 'वेस्ट बंगाल म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 2006' के तहत भंग किया जा रहा है। यह आदेश नोटिस जारी होने के क्षण से ही प्रभावी हो गया है। नगर निगम बोर्ड के भंग होने के बाद पैदा हुए शून्य को भरने और शहर की प्रशासनिक व नागरिक सेवाओं को बिना किसी बाधा के जारी रखने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। नगर निगम के रोजमर्रा के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक कमिश्नर (प्रशासक) की नियुक्ति की गई है। नए आदेश के मुताबिक, संबंधित कमिश्नर अगले 6 महीनों तक या जब तक नगर निगम के नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक बिधाननगर नगर निगम के कामकाज और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभालेंगे।


।। श्री गणेशाय नमः।। ।। श्री श्याम देवाय नमः।। ।। श्री हनुमंते नमः।।

राधे-राधे

पतित पावन श्री पुरुषोत्तम मास के अवसर पर

श्रीमद्भागवत कथा



8 जून से 14 जून 2026

मुख्य यजमान
श्री गजानन्द जी-श्रीमती गायत्री बिड़दीका

दोपहर 2.00 बजे से सायं 6.00 बजे

समारोह अध्यक्ष: श्री महेश जी अग्रवाल (आधुनिक ग्रुप)
उद्घाटनकर्ता: श्री अशोक जी पोद्दार, श्री विवेक जी आडुकिया
प्रधान अतिथि : श्री जुगल किशोर जी सराफ
विशिष्ट अतिथि : श्री दिनेश जी आडुकिया

मुख्य कथा संरक्षक
पद्मश्री प्रहलाद राय जी अग्रवाल, श्री ओम जी जालान, श्री राजीव जी जाजोदिया, श्री भगवान दास जी अग्रवाल, श्री गौतम जी नारसरिया
श्रीमती विद्यावती जी दिनोदिया, श्री नवल जी रुंगटा, श्री अभिषेक जी अग्रवाल, श्री गिरधारी लाल जी गोयनका, श्री अंकित जी जायसवाल

विशेष उपस्थिति
श्री रमेश जी सरावगी श्री पवन जी टिबड़ेवाल
श्री सज्जन जी बंसल श्री कृष्णा-निर्मला देवी (सम्बलपुर)
श्री सुनील जी बंसल श्री सुनील जी चौधरी
श्री सुनील जी खेतान श्री नारायण जी अग्रवाल

15 जून 2026, सोमवार
हवन
प्रातः 10.00 बजे से
महाप्रसाद
दोपहर 1.00 बजे से

संरक्षकगण
श्री कैलाश क्याल, श्री संतोष चौधरी, श्री आशीष झुनझुनवाला, श्री राजकुमार मुसद्दी, श्री शंकर भावसिंहका, श्री रामगोपाल शाह, श्री राजकुमार मनकसिया, श्री भगवती प्रसाद सुरेका, श्री गजानन्द मुनका, श्री प्रकाश चण्डालिया, श्री संजय हरलालका, श्री विजय मित्तल, श्री सुशील चौधरी, श्री महेश शर्मा, श्री रमेश खेतान, श्री रतन बुबना, श्री बिजय सुल्तानिया, श्री विमल दीवान, श्री प्रवीण अग्रवाल, श्री विश्वनाथ-दीपक चौधरी (अनमोल बिस्कुट), श्री जुगल किशोर अग्रवाल, श्री घनश्याम अग्रवाल, श्री निर्मल अग्रवाल, श्री कैलाश डालमिया, श्री किशन प्रकाश किल्ला, श्री विक्कीराज सीकरिया, श्री मुरारी लाल दीवान, श्री दीपक संघई, श्री विमल सदाका, श्री प्रदीप संघई, श्री मधुसूदन सरावगी, श्री सुभाष मुरारका, श्री रामचन्द्र जोशी, श्री विनोद कैलाश सुल्तानिया, श्री राजेन्द्र सुल्तानिया, श्री प्रकाश पोद्दार, श्री दीपक तोदी (आसनसोल), श्री राकेश भट्टर, श्री नवल सुल्तानिया, श्री राधेश्याम सुल्तानिया, श्री मनीष नारसरिया, श्री विक्रम नारसरिया, श्री पवन चौधरी, श्री नवीन टिकमानी, श्री प्रीतम जैन, श्री सुरेन्द्र छापरिया, श्री विनोद-पुष्पा साव, श्री श्रीजी लाखोटिया, श्रीमती लक्ष्मी डालमिया, श्री लीलाराम अग्रवाल, श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, श्री सत्यनारायण गुप्ता (LIC), श्री दिनेश बजाज (पूर्व विधायक), श्री मुकेश सुदेश गोयल, श्री सीताराम मुकेश गोयल, श्रीमती कामिनी टिबड़ेवाल, श्री रविन्द्र लड़िया, श्री राजकुमार शर्मा, श्री पिन्टू अग्रवाल, श्री आलोक मोर, श्री बिरमप्रकाश सुल्तानिया, श्री शम्भु पोद्दार, श्री अशोक प्रसाद गुप्ता, श्री अरुण सोमानी, श्री पवन गोयल, श्रीमती रानी दास, श्री सुबोदीप गुहा, श्री सयकेत घोष, श्री अशोक मुसद्दी, श्री संजय सराफ, श्री बिमल बेंगानी, श्री जयप्रकाश साव, श्री विजय बिदासरिया, श्री संतोष अग्रवाल, श्री प्रदीप दारुका, श्री राकेश अग्रवाल, श्री विनोद शर्मा, श्री सुरेश गाड़ोदिया, श्री नन्दकिशोर, श्री वरुण अग्रवाल, श्री विनोद अग्रवाल (बेलघरिया), श्री बनवारी लाल सोती, श्री अभिनव अग्रवाल (ROXX), श्री विश्वनाथ अग्रवाल, श्री निर्मल-संजय गोयल (OSL), श्री राजकुमार शर्मा, श्री केशव शर्मा, श्री मदन राजगढ़िया, श्री अशोक-राहुल अग्रवाल (35mm), श्री प्रदीप रुइया, श्री विजय अग्रवाल, श्री विजय-अर्चना भूत, श्री आदित्य-सौरभ पोद्दार, श्री सुधांशु शेखर (युवा शक्ति), श्री संतोष ढांढनिया, श्री रोशन साव, श्री सज्जन तायल, श्री बालकिशन अग्रवाल, श्री नीरज गर्ग, श्री आदरीक बैशाखी राय, श्री शंकर लाल अग्रवाल (रुंगटा), श्री मामराज अग्रवाल (जगतदल), श्री कैलाश अग्रवाल (जगतदल), श्रीमती अन्नपूर्णा चौधरी (काकुरगाछी), श्री शिवकुमार अग्रवाल (सोनारपुर), श्री बनवारी लाल अग्रवाल (हाजीनगर), श्री सुरेश अग्रवाल (ORAM), श्री पूरनमल अग्रवाल (काशीपुर), श्री चुन्नीलाल अग्रवाल (खिदिरपुर), श्री अशोक अग्रवाल (रिसड़ा), श्री निर्मल सराफ, श्री भगतराम अग्रवाल (रिसड़ा), श्री दीपक अग्रवाल (रिसड़ा), श्री कैलाश केजरीवाल (पाकुड़), श्री सुनील भालोटिया, श्री अजीत-प्रदीप खेतान (KWW), श्री सुरेन्द्र सिंह (सन्मार्ग), श्री योगेश अग्रवाल (विश्वमित्र), श्री चन्दन राय (समाज्ञा), श्री महेन्द्र अग्रवाल



आयोजक व कथा स्थल
श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार
(कोलकाता)
सम्पर्क : 98311 95501 / 98311 12051

LIVE
GTPL
Sci

सेवा-साधना
सम्पादक : प्रवीण केजरीवाल
97482 85779

Vallet Car Parking
बड़ा बगान मैदान
(आलमबाजार पोस्ट आफिस के बगल गली में)
(केवल 8 जून से 14 जून 2026 तक)

कथा श्रवण के लिए समस्त भागवतप्रेमी सादर आमंत्रित हैं।

Shyam 9831880860

BENGAL ENERGY
BENGAL ENERGY LIMITED
RUPA
UltraMax 500
550D TMT BAR
ULTRA SHAKTI!! MAXIMUM MAZBOOTI!
SKIPPER Limited
baazar
iFL
WELD THE WORLD WITH US
Jai Balaji Group
CALCUTTA EXPORT COMPANY
Adhunik TMT BARS
BHAROSA HAMESHA
UTKARSH PIPES & FITTINGS
delica SPPL
गजानन्द बिड़दीका
NATURAL GROUP
THE REAL REALTORS

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका
पूज्या देवी ऋचा मिश्रा जी

# राज्य में सीएए विरोधी हिंसक प्रदर्शनों की होगी जांच, आरोपियों से वसूला जाएगा मुआवजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की भाजपा सरकार ने वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध के दौरान हुई हिंसा, आगजनी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की जांच कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिद्ध नाथ गुप्ता को इस संबंध में विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। दरअसल, दिसंबर 2019 में संसद के दोनों सदनों से नागरिकता संशोधन विधेयक पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इसके कानून बनने पर पूरे देश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। उस दौरान राज्य के कई हिस्सों में हिंसा, आगजनी और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे थे। इन प्रदर्शनों के दौरान बसों में आग लगाने, रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कई स्थानों पर तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। अब सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार इन मामलों में कार्रवाई की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को डीजीपी को निर्देश दिया कि 2019 के सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों से जुड़ी सभी शिकायतों की जांच की जाए। इसके लिए राज्य पुलिस के भीतर एक विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) भी गठित किया जाएगा, जो इन मामलों की जांच करेगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस विशेष सेल का कार्यालय मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में स्थापित किया जाएगा। पुराने मामलों की जांच कर नई फाइल तैयार की जाएगी और दोषियों की पहचान की जाएगी। राज्य सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप साबित होते हैं, तो उससे नुकसान की भरपाई के रूप में मुआवजा वसूला जाएगा। रेलवे क्षेत्रों में आगजनी, लूटपाट और तोड़फोड़ की घटनाओं की जांच के लिए रेलवे पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 'यूसुफ पठान को सीट छोड़ने के लिए नहीं कहा', सौरव गांगुली ने किया अटकलों का खंडन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की ओर से पूर्व क्रिकेटर व लोकसभा सांसद यूसुफ पठान को सीट छोड़ने का मैसेज भेजने की खबर को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया में प्रकाशित ये दावे तथ्यों की जांच के बिना और लापरवाही से प्रकाशित किए गए हैं। ममता बनर्जी की ओर से उन्हें कभी कोई संदेश यूसुफ पठान तक पहुंचाने के लिए नहीं कहा गया। गांगुली ने यह भी कहा कि उनका राजनीति से किसी भी स्तर पर कोई संबंध नहीं रहा है। मालूम हो कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि ममता विधानसभा चुनाव में हार के बाद बहरमपुर लोकसभा सीट से संसद में जाने का विकल्प तलाश रही हैं। सौरव ने ममता की ओर से यूसुफ पठान को सीट छोड़ने का मैसेज पहुंचाया था।

### मलाबार ग्रुप के 'हंगर फ्री वर्ल्ड' ने दैनिक भोजन वितरण अभियान के परिवर्तनकारी प्रभाव को किया उजागर

**कोलकाता :** विश्व भूख दिवस के अवसर पर, मलाबार ग्रुप की मानवीय पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' ने अपनी स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के प्रभाव को हैबिलिटेशन इम्पैक्ट रिपोर्ट: इम्पैक्ट स्टोरीज़ - कैसे एक दैनिक भोजन बदल देता है जीवन की दिशा के माध्यम से प्रस्तुत किया। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर थनल द्वारा संचालित दैनिक भोजन वितरण अभियान ने सड़कों पर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को बचाव, चिकित्सा सहायता, आश्रय, सम्मान की पुनर्स्थापना और परिवार से पुनर्मिलन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, एक भोजन साधारण लग सकता है, लेकिन जब इसे निरंतरता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ प्रदान किया जाता है, तो यह केवल भोजन नहीं रह जाता।

### कोलकाता में उपलब्ध हुईं येज्दी स्क्रैम्बलर 350 और बीएसए स्क्रैम्बलर 650

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोटरसाइकिल निर्माता येज्दी और बीएसए ने अपनी नई स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिलों की रिटेल लॉन्चिंग की घोषणा की है। दोनों मॉडल अब कोलकाता के अधिकृत डीलरशिप पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। कंपनी के अनुसार, ये मोटरसाइकिलें शहर, हाईवे और खराब रास्तों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार की गई हैं। येज्दी स्क्रैम्बलर 350 को भारत की सबसे हल्की 350 सीसी स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिल बताया गया है। इसमें नया लिक्विड-कूल्ड 'कटार' इंजन दिया गया है और इसकी शुरुआती कीमत 1,99,950 रुपये रखी गई है। वहीं, बीएसए स्क्रैम्बलर 650 भारत के एकमात्र 650 सीसी सिंगल-सिलेंडर इंजन से लैस है, जिसकी शुरुआती कीमत 3,24,950 रुपये है। क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा कि ये दोनों मॉडल राइडर्स को नए अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ग्राहकों को वारंटी, रोडसाइड असिस्टेंस और देशभर में 400 से अधिक सर्विस टचपॉइंट्स की सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

### कृष्णानगर में हॉस्टल के शौचालय से किशोर छात्रा का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार की सुबह जिले के कृष्णनगर स्थित क्रीस हायर गर्ल्स स्कूल के छात्रावास के शौचालय से कक्षा एक की सात वर्षीय छात्रा संजना मंडल का शव बरामद किया गया। संजना स्कूल के छात्रावास में रहती थी और नदिया जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र के संध्यामठ पाड़ा की रहने वाली थी। परिजनों के अनुसार, वह शुक्रवार को ही अपने घर से वापस छात्रावास लौटी थी। शनिवार की सुबह स्कूल प्रशासन ने फोन कर उसके पिता को बेटी की मौत की सूचना दी। छात्रावास पहुंचने पर पिता अनिमेष कुमार साहा ने अपनी बेटी का शव शौचालय के अंदर पड़ा देखा। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत स्वाभाविक नहीं है। उनका कहना है कि बच्ची के हाथ पर चोट के निशान थे और उसकी हत्या की गई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर नदिया जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 5 महीने बाद मिली आजादी, भारत ने 4 ट्रॉलरों के साथ 91 बांग्लादेशी मछुआरों को किया रिहा



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने के दौरान अनजाने में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार कर भारत में दाखिल हुए 91 बांग्लादेशी मछुआरों के लगभग पांच महीने तक चली कानूनी प्रक्रिया और जेल की सजा काटने के बाद आखिरकार उनके वतन वापसी का रास्ता साफ हो गया है। भारत सरकार ने मानवीय आधार और कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद इन सभी 91 मछुआरों को उनके 4 मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों के साथ रिहा कर दिया है। शनिवार की सुबह दक्षिण 24 परगना जिले के फ्रेजरगंज मत्स्य बंदरगाह से भारतीय तटरक्षक बल इन मछुआरों और उनके ट्रॉलरों को लेकर अंतरराष्ट्रीय जलसीमा की ओर रवाना हो गया है। वहां दोनों देशों के नौसेना और तटरक्षक बल के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में इन्हें आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा। प्रशासनिक और पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 5 महीने पहले गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान बांग्लादेश के 4 बड़े कमर्शियल ट्रॉलर अंतरराष्ट्रीय जलसीमा का उल्लंघन कर अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुस आए थे। गश्त कर रहे भारतीय तटरक्षक बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए ट्रॉलरों को घेरा और कुल 91 मछुआरों को हिरासत में ले लिया था। बाद में, कोस्ट गार्ड ने इन सभी को फ्रेज़रगंज कोस्टल थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। चूंकि, मामला विदेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ से जुड़ा था, इसलिए इन्हें अदालत में पेश किया गया। अदालत के आदेश के बाद पिछले चार महीनों से अधिक समय से ये मछुआरे भारतीय जेल में बंद थे। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद आखिरकार दोनों देशों के बीच राजनयिक स्तर पर बातचीत और अदालती हरी झंडी मिलने के बाद सभी कानूनी अड़चनें खत्म हो गईं।

## इंडियनऑयल ने लॉन्च की 'सर्वो हाइपर सीरीज', प्रीमियम लुब्रिकेंट बाजार में नए मानक स्थापित करने का दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियनऑयल ने शनिवार को अपनी नई प्रीमियम लुब्रिकेंट श्रृंखला 'सर्वो हाइपर सीरीज' लॉन्च की। कंपनी के अनुसार, यह श्रृंखला आधुनिक इंजनों और उच्च प्रदर्शन वाले औद्योगिक उपकरणों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है और बेहतर प्रदर्शन, ईंधन दक्षता तथा लंबे ड्रेन इंटरवल प्रदान करने में सक्षम है। उन्नत सिंथेटिक बेस ऑयल और अगली पीढ़ी की एडिटिव तकनीक से विकसित इस श्रृंखला को ऑटोमोटिव और औद्योगिक दोनों क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है। इसमें क्यूआर-आधारित डिजिटल प्रमाणीकरण और ट्रेसबिलिटी सुविधा दी गई है, जिससे ग्राहक उत्पाद की प्रामाणिकता की तुरंत जांच कर सकते हैं और उससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने पैकेजिंग में पुनर्चक्रण योग्य और पुनर्चक्रित सामग्री के उपयोग को भी बढ़ाया है। लॉन्च कार्यक्रम में इंडियनऑयल के निदेशक (मार्केटिंग) सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने कहा कि लुब्रिकेंट उद्योग का भविष्य तकनीक, प्रदर्शन और भरोसे पर आधारित होगा। उनके अनुसार, सर्वो हाइपर सीरीज़ केवल एक नई उत्पाद श्रृंखला नहीं, बल्कि भारत में लुब्रिकेशन क्षेत्र के अगले चरण की शुरुआत है। कंपनी ने बताया कि इस श्रृंखला का विकास फरीदाबाद स्थित उसके विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र में किया गया है, जो पिछले पांच दशकों से लुब्रिकेंट नवाचार का नेतृत्व कर रहा है। इसके अलावा चेन्नई के मनाली स्थित हाल ही में शुरू किए गए इंटीग्रेटेड ल्यूब कॉम्प्लेक्स और देशभर में फैले 43,000 से अधिक रिटेल आउटलेट्स तथा लगभग 90,000 लुब्रिकेंट टचपॉइंट्स का नेटवर्क कंपनी की उत्पादन और वितरण क्षमता को मजबूत बनाता है। इंडियनऑयल का मानना है कि सर्वो हाइपर सीरीज भारतीय लुब्रिकेंट बाजार में प्रीमियम उत्पादों की मांग को नई दिशा देगी और देश की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता तथा विनिर्माण उत्कृष्टता को मजबूती प्रदान करेगी।

## शुभेंदु अधिकारी पीए हत्या मामला : सीबीआई ने बलिया से एक और व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**बलिया/कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पूर्व सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू को शनिवार को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने एक अन्य मामले में गत गुरुवार को बलिया की गैंगस्टर अधिनियम अदालत में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में मऊ जेल भेज दिया गया था। अधिकारियों के अनुसार, 12 आपराधिक मामलों में आरोपी सिंह सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे रथ हत्याकांड में भी वांछित था। जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह ने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर सीबीआई उसे कोलकाता ले गई है। सीबीआई ने बलिया के शीतल दवानी गांव निवासी सिंह को मऊ जिला कारागार से अपनी हिरासत में लिया।

## हावड़ा स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान, 505 मामलों में कार्रवाई



**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा रेलवे राजस्व की सुरक्षा, बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने और स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से हावड़ा स्टेशन पर विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान चलाया गया। 5 जून को आयोजित इस अभियान के दौरान कुल 505 मामलों का पता लगाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन के निर्देशन में आयोजित इस विशेष अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट ने किया। जांच अभियान में 47 टिकट जांच कर्मियों के साथ आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने भी भाग लिया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनधिकृत यात्रा और अन्य नियम उल्लंघनों की जांच की गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कुल 505 मामलों में कार्रवाई की गई, जिनमें 421 मामले बिना टिकट यात्रा से संबंधित थे। इसके अलावा, 55 मामलों में अनबुक्ड लगेज (यूबीएल) की अनियमितताएं पाई गईं, जबकि स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के 29 मामलों में भी जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित मजिस्ट्रेट जांच अभियान रेलवे नियमों के पालन को बढ़ावा देने और बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे रेलवे के राजस्व की सुरक्षा के साथ-साथ नियमों का पालन करने वाले यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। अभियान के दौरान यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा उन्हें रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## आलमबाजार में 8 जून से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, देवी ऋचा जी मिश्रा करेंगी कथा वाचन





**कोलकाता, समाज्ञा :** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर उत्तर कोलकाता के आलमबाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में 8 से 14 जून तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचिका देवी ऋचा जी मिश्रा द्वारा किया जाएगा। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक मंदिर परिसर में होगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित प्रवचन प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों का कहना है कि पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। कथा के समापन के उपरांत 15 जून को प्रातः 10 बजे विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस भव्य आयोजन के मुख्य यजमान श्री गजानन्द बिड़दीका हैं। कथा के सातों दिन अलग-अलग दैनिक यजमानों द्वारा सेवा दी जाएगी। प्रथम दिन श्री विश्वनाथ जी दारूका एवं श्री अशोक जी अग्रवाल, द्वितीय दिन श्री सुरेश जी अग्रवाल (डनलप) एवं श्री बसन्त जी अग्रवाल, तृतीय दिन श्री श्याम जी अग्रवाल (बनहुगली) एवं श्री पवन जी गुप्ता, चतुर्थ दिन श्री अशोक जी अग्रवाल (एलआईसी) एवं श्री महेन्द्र जी गुप्ता, पंचम दिन श्री दीपक जी अग्रवाल एवं श्री मनमोहन जी स्वाईका, षष्ठम दिन श्री राकेश जी अग्रवाल एवं श्री सन्नी जी शर्मा, सप्तम दिन श्री नरेन्द्र जी चौधरी (डनलप) एवं श्री राजेन्द्र जी अग्रवाल यजमान रहेंगे। समापन दिवस पर पंकज साव द्वारा सेवा दी जाएगी। जो भक्तजन प्रत्यक्ष रूप से मंदिर नहीं आ सकते, उनके लिए कथा का सीधा प्रसारण जीटीपीएल, एससीआई, श्री श्याम मंदिर आलम बाजार और सेवा साधना चैनलों पर किया जाएगा, ताकि घर बैठे भी श्रद्धालु कथा का लाभ उठा सकें।

## हुमायूं कबीर बने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के नए अध्यक्ष

❑ अमीरउद्दीन बॉबी के इस्तीफे के बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय फुटबॉल के ऐतिहासिक और पारंपरिक क्लबों में से एक 'मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब' में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। आम जनता विकास पार्टी के संस्थापक और नोउदा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हुमायूं कबीर को क्लब का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को क्लब के तत्कालीन अध्यक्ष अमीरउद्दीन बॉबी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके तुरंत बाद क्लब प्रबंधन ने हुमायूं कबीर को इस शीर्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी। नए अध्यक्ष के सम्मान में शनिवार की दोपहर 2 बजे क्लब की ओर से एक भव्य संवर्धन (स्वागत) समारोह का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के सदस्यों और समर्थकों का एक बड़ा वर्ग तत्कालीन अध्यक्ष अमीरउद्दीन बॉबी के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा था। आखिरकार, इस चौतरफा दबाव के आगे झुकते हुए बॉबी ने अपना पद छोड़ दिया। क्लब सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, भले ही अध्यक्ष का चेहरा बदल गया है, लेकिन क्लब की बाकी कार्यकारी समितियां फिलहाल यथावत रहेंगी। अगले एक महीने तक नए अध्यक्ष हुमायूं कबीर के नेतृत्व में क्लब के कामकाज, फैसलों और सबसे महत्वपूर्ण-वित्तीय स्थिति में आने वाले सुधारों की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद ही आगे की रणनीति तय होगी।

## श्रीरामपुर में फूटा जनाक्रोश, टीएमसी पार्षद उत्तम राय की गिरफ्तारी की मांग

❑ भ्रष्टाचार, दबंगई और अकूत संपत्ति के आरोपों के बीच नगरपालिका के सामने जोरदार प्रदर्शन

**हुगली/श्रीरामपुर :** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई के बीच अब हुगली जिले के श्रीरामपुर में स्थानीय लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस के दबंग पार्षद उत्तम राय के खिलाफ लोगों ने नगरपालिका के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उत्तम राय, जो पहले 6 नंबर वार्ड और बाद में 5 नंबर वार्ड से चार बार पार्षद चुने गए, ने अपने कार्यकाल के दौरान दबंगई के बल पर लोगों के घरों पर कब्जा किया और विरोध करने वालों पर अत्याचार किया। स्थानीय लोगों का यह भी दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी संपत्ति में भारी इजाफा हुआ है। आरोपों के मुताबिक, उत्तम राय ने श्रीरामपुर में बैंक्वेट हॉल, दीघा और दार्जिलिंग समेत कई स्थानों पर होटल और आलीशान संपत्तियां खड़ी की हैं। इन सबको लेकर जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। सत्ता बदलने के बाद अब लोग खुलकर उनके खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने उत्तम राय की तस्वीर पर अंडे फेंककर अपना विरोध जताया और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। वहीं, इस पूरे मामले पर नगरपालिका के चेयरमैन गिरिधारी साहा ने कहा कि उनके पास अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायत मिलने पर कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बंगाल में शांति, सामाजिक समरसता और विकास को नई दिशा देगी अहिंसा विश्व भारती

❑ राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले मंत्री दिलीप घोष, आचार्य लोकेश और स्वामी गोविंददेव गिरी

❑ पश्चिम बंगाल शाखा का हुआ शुभारंभ




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ मंत्री दिलीप घोष, जैन आचार्य एवं अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेशजी तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गो-विंददेव गिरीजी ने शनिवार को कोलकाता के रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'शांति, सद्भावना एवं विकास' को संबोधित किया। इस अवसर पर मंत्री दिलीप घोष ने अहिंसा विश्व भारती की पश्चिम बंगाल शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा बेहाला, कोलकाता के सरदार सतनाम सिंह आहलूवालिया तथा भारतीय संघराज भिक्षु महासभा के डॉ. बुद्ध प्रिय भिक्षु ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में मंत्री दिलीप घोष की पत्नी रिंकू मजुमदार घोष भी उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि आचार्य लोकेशजी के मार्गदर्शन में अहिंसा विश्व भारती संस्था की पश्चिम बंगाल शाखा राज्य में अहिंसा, शांति, सद्भावना, सामाजिक समरसता तथा सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्था की यह पहल समाज में नई चेतना, सहयोग और विकास के मार्ग को और सशक्त बनाएगी। विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेशजी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र, समाज और मानव जीवन की प्रगति के लिए शांति, सद्भावना और विकास तीन ऐसे आधार स्तंभ हैं जो एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व युद्ध, हिंसा और अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में शांति, सद्भावना और समावेशी विकास की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि शांति का वातावरण व्यक्ति को अपनी क्षमताओं के विकास का अवसर प्रदान करता है।

अहिंसा विश्व भारती के चेयरमैन विनोद दुगड़ ने कहा कि आचार्य लोकेशजी भारत की अस्मिता, अखंडता, सांस्कृतिक गौरव, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, मानवीय मूल्यों के संवर्धन तथा विश्व में अहिंसा, शांति और सद्भावना की स्थापना के लिए समर्पित है। पश्चिम बंगाल में इसकी शाखा खुलने से राज्य में सामाजिक सद्भाव और विकास को नई गति मिलेगी।

स्वामी गोविंददेव गिरीजी ने कहा कि सनातन धर्म केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मानवता को शांति, प्रेम, करुणा और सद्भावना का मार्ग दिखाने वाली जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों और विभाजनों से जूझ रहा है, तब आचार्य लोकेशजी जैसे संतों और अहिंसा विश्व भारती जैसी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

सरदार सतनाम सिंह आहलूवालिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि जीवन जीने की ऐसी पद्धति है जो लोगों को संवेदनशील, सहिष्णु और सहयोगी बनाती है। डॉ. बुद्ध प्रिय भिक्षु ने कहा कि आचार्य लोकेशजी के मार्गदर्शन में अहिंसा विश्व भारती पश्चिम बंगाल में मानवीय मूल्यों, सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन रोहित सुराणा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भाविन भाई, संजय खेमका, बसंत सेठिया, सार्थी गुप्ता, मनोज जैन, सुव्रतो गांगुली सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

## न्यूज अपडेट

### कोलकाता पुलिस में बड़ा फेरबदल, पांच अधिकारियों का ट्रांसफर और प्रमोशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के गृह विभाग ने कोलकाता पुलिस के उपायुक्त (डीसीपी) स्तर पर पांच अधिकारियों के तबादले और पदोन्नति का आदेश जारी किया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। तन्मय उपाध्याय, राजेश रजक का तबादला और समीर कुमार पांजा, प्रदीप खाड़ा और बिभास कुमार मंडल को पदोन्नति दी गई है। नई पोस्टिंग के अनुसार, तन्मय उपाध्याय को ट्रैफिक विभाग में डीसीपी (टू),राजेश रजक को स्पेशल ब्रांच में डीसीपी (थ्री)के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं, तीन अधिकारियों, समीर कुमार पांजा को डीसीपी (थ्री), ट्रैफिक विभाग, प्रदीप खाड़ा को डीसीपी, 7वीं बटालियन कोलकाता आर्म पुलिस(केएपी) और बिभास कुमार मंडल को डीसीपी (चार), ट्रैफिक विभाग में पदोन्नति दी दी गई।

### जागृति हिंदी विद्यामंदिर में विश्व पर्यावरण दिवस पर चला वृक्षारोपण अभियान



**हावड़ा, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बेलूर के खामारपाड़ा स्थित जागृति हिंदी विद्यामंदिर हाई स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में समिति एवं विद्यालय के सदस्य दिलीप रजक, अरविंद रजक, गणेश महतो, अनिता दत्त, किशोर मंडल, रामबाबू शाह, दीनानाथ प्रसाद, गीता माली, संजय शाह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### द मेकिंग ऑफ 'न्यू कोलकाता', रियल एस्टेट का नया 'पावर हब' बन रहा है सिटी ऑफ जॉय



**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के प्रमुख महानगरों में शामिल कोलकाता अब रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से उभरते निवेश केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। बुनियादी ढांचे के विस्तार, बढ़ते निवेश और नए आवासीय विकास परियोजनाओं के चलते शहर में रियल एस्टेट गतिविधियों को नई गति मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक आवासीय परियोजनाओं के साथ-साथ रिवरफ्रंट यानी नदी किनारे विकसित होने वाली संपत्तियों की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। गंगा नदी के किनारे स्थित भूमि की सीमित उपलब्धता और उससे जुड़े सांस्कृतिक एवं भावनात्मक महत्व के कारण ऐसे प्रोजेक्ट खरीदारों और निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इसी संभावनाओं को देखते हुए रियल एस्टेट कंपनी एल्कॉव रियल्टी श्रीरामपुर में 'न्यू कोलकाता' परियोजना विकसित कर रही है। एल्कॉव रियल्टी के कार्यकारी निदेशक यशस्वी श्रॉफ ने कहा कि शहरों के विकास और परिवर्तन के दौर में किए गए निवेश दीर्घकाल में बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि रिवरफ्रंट संपत्तियां अपनी सीमित उपलब्धता और विशिष्टता के कारण हमेशा मूल्यवान बनी रहती हैं।

### दक्षिण कोलकाता मारवाड़ी महिला समिति का डायलीसिस रोगियों की चिकित्सा में सहयोग

**श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के सेवाकार्यों की सराहना**



**कोलकाता :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के अंतर्गत दक्षिण कोलकाता मारवाड़ी महिला समिति ने 40 रोगियों की डायलीसिस चिकित्सा के लिये श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल को सहयोग राशि प्रदान की। महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, अनीता सिंघल, इंदु मुरारका, समाजसेवी संजीव अग्रवाल, गोविन्द मुरारका ने रोगियों को फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिये शुभकामना दी। सुनीता अग्रवाल एवं अतिथियों ने स्मार्ट आई सी यू, डायलीसिस यूनिट एवं ए सी वार्ड का भ्रमण कर सेवाकार्यों की सराहना करते हुए कहा महानगर में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में 112 वर्ष की यशस्वी यात्रा कर श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल ने विशिष्ट स्थान कायम किया है। हॉस्पिटल के प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल, विभागीय सचिव दीपक बंका ने सिटी स्कैन, डिजिटल एक्स रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, डेन्टल एवं सभी विभागों में निरन्तर प्रगति की जानकारी दी। हेमचन्द अग्रवाल ने डायलीसिस रोगियों को प्रदत्त की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। गिरधारीलाल मस्करा, सुरेश बेरीवाल, सन्तोष कुल्थिया, मनोज पराशर, अनिल चौधरी, निर्मल केडिया, दीनदयाल तोदी, विनोद जालान एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### बाबूघाट में हुगली नदी में डूबने से मेडिकल कॉलेज के छात्र की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में बाबूघाट स्थित हुगली नदी में डूबने से कोलकाता मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष के एक छात्र की शनिवार को मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के कोननगर निवासी श्याममल बासक (24) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बासक तड़के लगभग 3 बजे नदी में नहाते समय पानी की तेज धार में बह गया। अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस के आपदा प्रबंधन समूह (डीएमजी) के कर्मियों ने इलाके में तलाश अभियान चलाया और दो घंटे की मशक्कत के बाद उसे नदी से बाहर निकाला गया। बासक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु के सटीक कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम किया जाएगा, हालांकि प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि मौत डूबने और दम घुटने के कारण हुई है।

# मैंने सीएपीएफ की सुरक्षा नहीं मांगी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को एक बयान जारी कर उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने अपने लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की सुरक्षा की मांग की है। अभिषेक बनर्जी द्वारा सीएपीएफ सुरक्षा मांगने की जानकारी पिछले हफ्ते तब सामने आई, जब तृणमूल कांग्रेस से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी ने मीडिया से बात करते हुए इस मुद्दे का जिक्र किया। अब शनिवार को अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर अपने लिए सीएपीएफ सुरक्षा मांगने की जानकारी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि मीडिया का एक हिस्सा यह खबर दे



रहा है कि मैंने पिछले महीने की 30 तारीख को सोनारपुर में मुझ पर हुए हमले के बाद केंद्रीय सुरक्षा मांगी है। यह दावा पूरी तरह से बेबुनियाद और सच्चाई से दूर है। हमले के बाद से सात दिनों में मैंने कोई सुरक्षा नहीं मांगी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया बयान में कहा कि यह घटना केंद्र और राज्य सरकारों की निगरानी में हुई और उन्हें इससे जुड़े हालात के बारे में गंभीर सवालों का जवाब देना होगा। उनके मुताबिक, उन्हें सबसे ज्यादा निराशाजनक यह बात लगी कि पिछले एक महीने में राज्य में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अन्य भयानक अपराधों की कई घटनाएं हुईं, लेकिन राज्य प्रशासन ने इनमें से ज्यादातर घटनाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। बयान में कहा गया कि शासन चलाने वालों की पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा होनी चाहिए। मैं राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों से अपील करता हूं कि वे मीडिया के कुछ हिस्सों के जरिए गलत जानकारी और राजनीतिक मकसद वाली बातों को बढ़ावा देने के बजाय राज्य के नागरिकों की सुरक्षा पर ध्यान दें। लोग सुरक्षा, जवाबदेही और सच्चाई के हकदार हैं।

## तृणमूल संसदीय दल में संभावित विद्रोह की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को ऐसे समय में दिल्ली रवाना हुए, जब पार्टी नेतृत्व को इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि विधानसभा में उसके विधायक दल पर नियंत्रण गंवाने का कारण बना विद्रोह अब संसद तक भी फैल सकता है। अभिषेक की यह यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी के निर्धारित दौरे से एक दिन पहले हुई है। मूल कार्यक्रम के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक को 'इंडिया' की बैठक के लिए रविवार को साथ दिल्ली जाना था। अभिषेक के एक दिन पहले यात्रा करने की आधिकारिक वजह स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस घटनाक्रम से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। नेता और पर्यवेक्षक इसे सोमवार की बैठक से पहले स्थिति का आकलन करने की तृणमूल नेतृत्व की संभावित कोशिश के रूप में देख रहे हैं। तृणमूल के सूत्रों ने कहा कि पार्टी प्रमुख ने खुद अपने भतीजे से एक दिन पहले दिल्ली जाने को कहा। पार्टी नेता हालांकि रविवार को दिल्ली में उनके निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर अनिश्चित नजर आए।

# भांगड़ विस्फोट मामला : पूर्व विधायक शौकत मोल्ला को 14 दिन की एनआईए हिरासत

## एनआईए ने पूर्व विधायक को घटना का 'मुख्य साजिशकर्ता' बताया

**कोलकाता, समाज्ञा**



राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला को भांगड़ बम विस्फोट मामले में जांच एजेंसी की 14 दिन की हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनआईए ने अदालत में मोल्ला को दक्षिण 24 परगना में हुए विस्फोट का 'मुख्य साजिशकर्ता' बताया। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने मोल्ला को 19 जून तक एनआईए की हिरासत में भेजे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने एजेंसी की उस याचिका को भी स्वीकार कर लिया जिसमें शुक्रवार की रात को मोल्ला की गिरफ्तारी के बाद उनके पास से बरामद मोबाइल फोन और पेन ड्राइव की फोरेंसिक जांच कराये जाने का अनुरोध किया गया था।

अधिकारी ने कहा कि मोल्ला इस मामले में मुख्य संदिग्ध और प्रमुख साजिशकर्ता हैं। हमारी जांच से पता चला है कि वह इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों को निर्देश दे रहे थे। हमें ऐसे साक्ष्य भी मिले हैं जिनसे पता चलता है कि विस्फोट के बाद साक्ष्यों को नष्ट करने के निर्देश जारी किए गए थे। एनआईए ने अदालत को बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अदालत ने अन्य आरोपियों से बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच की भी अनुमति दी। मोल्ला की हिरासत का अनुरोध करते हुए एनआईए के वकील ने दलील दी कि मोल्ला एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता हैं और जमानत पर उनकी रिहाई से जांच प्रभावित हो सकती है। एजेंसी की याचिका का विरोध करते हुए, मोल्ला के वकील ने जमानत दिये जाने का अनुरोध किया।

### शौकत की गिरफ्तारी पर एनआईए दफ्तर के बाहर मना जश्न

दूसरी तरफ, शौकत की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के दफ्तर के बाहर स्थानीय लोगों ने जश्न मनाया। उन्होंने मिठाइयां बांटीं। इस दिन, एनआईए अधिकारियों ने जैसे ही शौकत को बैंकशाल कोर्ट में पेश करने के लिए बाहर निकाला, तो उन लोगों ने 'चोर-चोर' के नारे लगाए। अदालत परिसर में भी शौकत के विरुद्ध जमकर नारेबाजी हुई।

---

### शौकत मोल्ला के बेटे के कैफे पर मंडराया बुलडोजर का खतरा

पूर्व विधायक शौकत मोल्ला के बेटे इमरान मोल्ला के आलीशान कैफे के मैंग्रोव फॉरेस्ट काटकर निर्मित किए जाने का मामला सामने आया है। दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने विवादित कैफे को लेकर नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने कहा है कि आगामी 18 जून को इसे लेकर होने वाली सुनवाई में यदि कैफे की जमीन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो उसपर बुलडोजर चलाया जाएगा। कैफे जिले के कैनिंग स्थित मौखाली में मातला नदी के चर (नदी में उभरे भू-क्षेत्र) पर बना है। कैनिंग के महकमा शासक की ओर से कानूनी नोटिस भेजा गया है, जिसे पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने कैफे परिसर में टांग दिया है। इस मामले में 18 जून को कैनिंग महकमा कार्यालय में सुनवाई होगी। इमरान को उपस्थित होकर जमीन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज और स्वामित्व के प्रमाण पेश करने होंगे। यदि भूमि एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित आवश्यक कागजात या वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए गए तो विवादित कैफे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### परिसर सील मामला
## जूट अनुसंधान संगठन की केंद्र और कोलकाता बंदरगाह के साथ बातचीत जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में जूट उद्योग से संबंधित एक शोध संगठन कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ताराताला परिसर को सील किए जाने से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए केंद्र सरकार और कोलकाता बंदरगाह के अधिकारियों से बातचीत कर रहा है। यह जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी। बता दें कि श्याम प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की लगभग 15 बीघा भूमि पर फैले 'इंडियन जूट इंडस्ट्रीज रिसर्च एसोसिएशन' (आईजेआरए) के 17 ताराताला रोड स्थित परिसर को 15 मई को उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सील कर दिया गया था। एसोसिएशन के 'बोर्ड ऑफ काउंसिल' के अध्यक्ष डीसी बाहेती ने कहा कि हम परिसर को सील किए जाने के संबंध में वस्त्र मंत्रालय और बंदरगाह ट्रस्ट के संपर्क में हैं। हमें निकट भविष्य में समाधान की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब संभावित समझौते पर बातचीत जारी थी। बाहेती ने इस बात पर जोर दिया कि यह संगठन जूट क्षेत्र को समर्पित एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। उन्होंने बताया कि केंद्र अनुसंधान गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देना जारी रखे हुए है। बाहेती ने कहा कि लगभग दो साल पहले तक, सरकार का एक प्रतिनिधि बोर्ड में था। केंद्र अब भी जूट क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

# ग्रामीण आवास योजना में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने शुरू की 'सेल्फ-सर्वे'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने ग्रामीण आवास योजना के वास्तविक लाभार्थियों की पहचान को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और राजनीतिक प्रभाव से मुक्त बनाने के लिए 'सेल्फ-सर्वे' प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इस नई व्यवस्था के तहत पात्र नागरिक स्वयं भी आवास योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को 20 जुलाई तक पूरी करने के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नवान्न (राज्य सचिवालय) के अनुसार, इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के मुताबिक, आवेदकों को



अपने मोबाइल फोन में 'आवास प्लस 2024' और 'आधार फेस आरडी' ऐप डाउनलोड कर आधार आधारित पहचान सत्यापन के जरिए आवेदन करना होगा। सर्वेक्षण और सत्यापन की पूरी प्रक्रिया 20 जुलाई तक पूरी कर ली जाए। इसके लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां जल्द शुरू करने को कहा गया है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद नियुक्त सर्वेयर संबंधित आवेदक के घर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे और निर्धारित मानकों के आधार पर पात्रता का आकलन करेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल ऑनलाइन आवेदन करने वाले ही प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होंगे। जो लोग तकनीकी या अन्य कारणों से स्वयं आवेदन नहीं कर पाएंगे, उनके लिए सर्वेयर घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे और पात्र परिवारों की पहचान करेंगे। लाभार्थियों की सूची तैयार करने के लिए राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय सत्यापन प्रणाली भी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कम से कम 10 प्रतिशत मामलों का पुनः सत्यापन ब्लॉक या अनुमंडल स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वहीं, पांच प्रतिशत मामलों की समीक्षा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और दो प्रतिशत मामलों का प्रत्यक्ष सत्यापन जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से लाभार्थी चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, डेटा की सटीकता सुनिश्चित होगी और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, नई प्रणाली से राजनीतिक हस्तक्षेप या गलत जानकारी के आधार पर लाभार्थी सूची में नाम शामिल किए जाने जैसी शिकायतों में भी कमी आएगी।

## टीएमसी में नेतृत्व विवाद तेज, शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने पेश किए विधायकों के हस्ताक्षर

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद के बीच वरिष्ठ नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने उन विधायकों के हस्ताक्षर सार्वजनिक किए हैं, जिन्होंने उन्हें विधानसभा में विपक्ष का नेता चुने जाने के समर्थन में सहमति दी थी। सूत्रों के अनुसार, 30बी हरिश चटर्जी स्ट्रीट में छह जून की शाम आयोजित बैठक में कुल 67 विधानसभा सदस्य मौजूद थे। शोभनदेव चट्टोपाध्याय की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज में सभी उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। इनमें कुछ ने हिंदी और कुछ ने अंग्रेज़ी में हस्ताक्षर किए हैं, साथ ही कई सदस्यों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के नाम और तारीख भी अंकित किए हैं। कुछ नाम बड़े अक्षरों में लिखे गए हैं, जिनमें महेशतला के शुभाशिष दास, बोलपुर के चंद्रनाथ सिन्हा, खड़गपुर के दीनन राय और कैनिंग पूर्व के बहारुल इस्लाम शामिल बताए जा रहे हैं। दस्तावेज के शीर्षक में लिखा गया है कि यह बैठक तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ विपक्ष के नेता, उपनेता और मुख्य सचेतक के चयन से संबंधित है। छह जून की बैठक के विवरण में यह भी दर्ज है कि बैठक की अध्यक्षता फिरहाद हकीम ने की थी। उनके नाम का प्रस्ताव अरूप राय ने रखा और चंद्रनाथ सिन्हा ने उसका समर्थन किया। वहीं, शोभनदेव चट्टोपाध्याय को दल का नेता बनाने का प्रस्ताव मदन मित्रा ने रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन दिया। दस्तावेज में यह भी दावा किया गया है कि बैठक में उपस्थित न रहने वाले कुछ विधायकों ने भी अपने समर्थन की सहमति दी थी। वहीं, 19 तारीख की एक अन्य बैठक में 59 विधायकों के हस्ताक्षर दर्ज होने की बात भी सामने आई है।

## टीएमसी के अल्पसंख्यक नेता अजमल सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा, अभिषेक की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य सचिव मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली और संगठन के मौजूदा माहौल को बताया है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को लिखे पत्र में सिद्दीकी ने कहा कि उन्होंने यह फैसला काफी सोच-विचार के बाद लिया है। उन्होंने पार्टी को अपना समय, ऊर्जा और समर्पण दिया तथा हमेशा संगठन और कार्यकर्ताओं के हित में काम किया। उन्होंने लिखा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही और उन्होंने पार्टी के विस्तार में अपनी भूमिका निभाई, लेकिन अब वह खुद को पार्टी के साथ आगे नहीं जोड़ पा रहे हैं। सिद्दीकी ने कहा कि उनके इस फैसले के पीछे निजी कारण भी हैं, लेकिन पार्टी के मौजूदा माहौल और कार्यप्रणाली को लेकर उनकी गहरी नाराजगी भी एक बड़ा कारण है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी की गई, उन्हें किनारे कर दिया गया और उन्हें वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे। उनके अनुसार, पार्टी के भीतर संवाद और सामूहिक निर्णय लेने की लोकतांत्रिक परंपरा काफी कमजोर हो गई है, जिससे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ी है। अपने पत्र में सिद्दीकी ने विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में काम करना उनके लिए बेहद कठिन हो गया था। उन्होंने लिखा कि मेरे अनुभव में पार्टी मामलों को संभालने और कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार करने का उनका तरीका ऐसा माहौल बना रहा है, जिसमें लंबे समय से जुड़े और निष्ठावान कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित और हाशिये पर महसूस कर रहे हैं। सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण और कार्यकर्ताओं से पर्याप्त सलाह-मशविरा न होने के कारण मेरे जैसे लोगों के लिए अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करना मुश्किल हो गया है। पत्र के अंत में सिद्दीकी ने राज्य सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) के रूप में मिले अवसरों और विश्वास के लिए ममता बनर्जी का आभार जताया। साथ ही, उन्होंने अनुरोध किया कि उनके इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करते हुए उन्हें पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से मुक्त किया जाए। उन्होंने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## सरकारी दफ्तरों में तीन हफ्ते के भीतर लगेंगे स्मार्ट मीटर, मुख्य सचिव का सख्त निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बिजली वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने और वित्तीय घाटे को कम करने के लिए मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी सरकारी विभागों के प्रमुखों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस महानिदेशक (डीजी) को एक सख्त निर्देशिका जारी की है। इसके तहत राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में आगामी तीन सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से प्रिपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का काम पूरा करना होगा। यह कदम केंद्र सरकार की 'रीवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस)' के तहत उठाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बिजली बोर्डों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना और ग्रिड का आधुनिकीकरण करना है। वर्ष 2003



के मीटर रेगुलेशन बिल (संशोधित 2006, 2020) और 2024 की राजपत्र अधिसूचना के आधार पर यह प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। बता दें कि राज्य में पूर्व में यह काम शुरू होने के बाद अधर में लटक गया था, लेकिन राज्य में भाजपा की नई सरकार के गठन के बाद इस पर दोबारा विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने साफ किया है कि अगस्त से सभी सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर चालू हो जाने चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राज्य सरकार ने राज्य में मदरसों के सर्वे का दिया निर्देश, जिलों को जारी हुआ कड़ा निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने राज्य में चल रहे सभी मदरसा शिक्षा संस्थानों के वास्तविक बुनियादी ढांचे और वर्तमान स्थिति की जांच करने का फैसला किया है। इसके लिए अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में व्यापक सर्वे करने का निर्देश जारी किया है। नवान्न से जारी गाइडलाइंस के मुताबिक, जिलाधिकारियों को आगामी 5 जुलाई तक इस सर्वे को पूरा करके जिलावार विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी।

यह आदेश संबंधित जिलाधिकारियों के पास भेज दिया गया है। सरकारी निर्देश के अनुसार, यह सर्वे राज्य के प्रत्येक ब्लॉक और नगरपालिका क्षेत्र में चलाया जाएगा। इसके दायरे में हर तरह के मदरसे शामिल होंगे, चाहे वे सरकार से मान्यता प्राप्त या सहायता प्राप्त हों। गैर-मान्यता प्राप्त या निजी स्तर पर संचालित हों। किसी विशेष समुदाय या व्यक्तिगत स्वामित्व के तहत चल रहे हों। किसी भी अन्य शैक्षणिक या प्रशासनिक व्यवस्था के अधीन आते हों। नवान्न के सूत्रों के अनुसार, इस सर्वे के पीछे मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक है ताकि भविष्य की शिक्षा नीतियों को बेहतर बनाया जा सके।

इस सर्वे के जरिए सरकार मदरसा शिक्षा के भविष्य का खाका तैयार करना चाहती है। इससे बच्चों के कल्याण के लिए जरूरी कदम उठाने, शैक्षणिक दस्तावेजों का सही रखरखाव करने और यदि कहीं कोई अनियमितता या अवैध गतिविधि दिखती है, तो उसमें सुधार करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस सर्वे को लेकर किसी भी संस्थान को डरने या आशंकित होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से साफ कहा गया है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से केवल प्रशासनिक डेटा इकट्ठा करने के लिए है।

इस सर्वे के आधार पर किसी भी मदरसे के खिलाफ जबरन कानूनी सख्ती या उसे बंद करने जैसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। न ही किसी छात्र को मदरसे से निकाला जाएगा। सभी मदरसे चालू शैक्षणिक सत्र में बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। जिलाधिकारियों को हर हाल में 5 जुलाई से पहले अपनी अंतिम रिपोर्ट अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग को भेजनी होगी।

# कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन ने आयोजित की 38वीं वार्षिक आम बैठक

## पश्चिम बंगाल को भारत का 'इलेक्ट्रिकल कैपिटल' बनाने के संकल्प को दोहराया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन ने शनिवार को अपनी 38वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दिलीप घोष उपस्थित रहे। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी, मैथन अलॉयज लिमिटेड के सीएमडी (चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर) सुभाष अगरवाला और केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीनियर जनरल मैनेजर बाबीरंजन त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर संरक्षक (2025-2026) ओम प्रकाश झझरिया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इस दौरान एसोसिएशन के कई पूर्व अध्यक्ष और सचिव भी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव गगनदीप मुंधरा, कोषाध्यक्ष तारकनाथ जायसवाल और संयुक्त सचिव अशोक बांका ने सक्रिय भूमिका निभाई। कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन वर्तमान भाजपा शासित राज्य सरकार के साथ सौहार्दपूर्ण और बेहतर संबंध बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

संस्था राज्य सरकार और इलेक्ट्रिकल उद्योगों के बड़े कॉरपोरेट्स के बीच एक सेतु (पुल) के रूप में काम करना चाहती है, ताकि पश्चिम बंगाल में औद्योगिक निवेश लाया जा सके और राज्य को भारत की 'इलेक्ट्रिकल कैपिटल' (विद्युत राजधानी) बनाया जा सके। कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन वर्तमान भाजपा शासित राज्य सरकार के साथ सौहार्दपूर्ण और बेहतर संबंध बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंघी के संचालन में आयोजित पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की सूची इस प्रकार है: सेडा रत्न - डॉ. बी. एन. सिन्हा (संस्थापक सदस्य); सेडा सम्मान - राजेश गोयल; सोनी देवी पुरस्कार - धर्मेन्द्र डागा; कमला देवी बार्डिया मैन ऑफ द ईयर - अनिल कुमार सिंह; बेस्ट कन्वेनर (संयुक्त रूप से) - बिपिन गोयल एवं आशीष अग्रवाल; सेडा यंग अचीवर अवार्ड (बिजनेस) - विदर्भ जालान; सेडा यंग अचीवर अवार्ड (सोशल एक्टिविटी) - विकास राठी; बेस्ट चेयरमैन अवार्ड - सत्य प्रकाश साव हैं। चुनाव अध्यक्ष एच. के. मिश्रा ने वर्ष 2026-2027 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नव-निर्वाचित टीम अध्यक्ष - अभिषेक वर्मा; उपाध्यक्ष - अनिल कुमार सिंह; महासचिव - आदित्य विक्रम मोहनका; कोषाध्यक्ष - अरुण कोठारी है। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंघी ने मुख्य उद्घोषक के रूप में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंघी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसके साथ 38वीं वार्षिक आम बैठक का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन ने इस अवसर पर उद्योग, व्यापार और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पश्चिम बंगाल को औद्योगिक विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया।

# बंगाल को तुष्टीकरण की राजनीति का नुकसान उठाना पड़ा : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में 'सनातन चेतना और राम राज्य जागरण' कार्यक्रम में बोलते हुए, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सनातन धर्म की रक्षा और उसे बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग खुशकिस्मत हैं कि वे आजादी से अपने धर्म और संस्कृति का पालन कर सकते हैं। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा कि क्योंकि हम भारत के बंगाल में हैं, इसलिए हमें अपने धर्म का पालन करने, अपनी संस्कृति को मानने और अपनी आस्था के रास्ते पर चलने की आजादी है। कार्यक्रम के मुख्य विषय पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल को सालों तक तुष्टीकरण की राजनीति का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैर-कानूनी घुसपैठ ने राज्य की आबादी के संतुलन को बदल दिया है। अधिकारी ने यह भी



मुख्यमंत्री से सामाजिक विषयों पर चर्चा करते कमल दुगड़, तुलसी दुगड़, निर्मल सराफ, भाजपा नेता भोला प्रसाद सोनकर के साथ अमित शारदा, नंद किशोर भूटोरिया मौजूद

दावा किया कि पहले हिंदू त्योहारों में अक्सर रुकावटें आती थीं। उन्होंने कहा कि नई बनी 'डबल-इंजन' सरकार सनातन मूल्यों पर आधारित धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को ज्यादा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि माहौल बदल रहा है और आने वाले दिनों में यह और भी बदलेगा। शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि देश को सुरक्षित रखने के लिए हमें बंगाल को भी सुरक्षित रखना होगा। आपने मुझे बंगाल में सभी असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को खत्म करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है और मैं इसे प्रभावी ढंग से पूरा करूंगा। व्यापारी बंगाल छोड़कर जाने लगे थे। कृपया न जाएं, वापस आएं बंगाल और कोलकाता सिर्फ देश की सांस्कृतिक राजधानी ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक राजधानी भी हैं। आने वाले समय में, पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार आस्था के सभी केंद्रों को फिर से जीवंत करने का काम करेगी।

# 'द हाटखोला क्लब' ने विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया वृक्षारोपण अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोलकाता की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं खेल संस्था 'द हाटखोला क्लब' ने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 5 जून को क्लब परिसर तथा समीपवर्ती स्विमिंग पूल क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था-पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ। इस पहल का उद्देश्य देशबंधु पार्क और आसपास के क्षेत्रों को प्रदूषणमुक्त एवं अधिक हरित बनाना तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। क्लब की ओर से सदस्यों और स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि वे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। कार्यक्रम में प्रख्यात समाजसेवी एवं हाटखोला मेडिकल बैंक के मानद सचिव डी. आशीष महासोय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं, क्लब के आजीवन सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एम. एल. साहू ने पौधों को जल देकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डी. आशीष महासोय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की दैनिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और अनावश्यक रूप से पेड़ों की कटाई रोकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब ने बताया कि देशबंधु पार्क और आसपास के क्षेत्रों को और अधिक हरा-भरा बनाने के लिए भविष्य में भी ऐसे पर्यावरणीय अभियान जारी रखे जाएंगे।

।। जय श्री राम ।।



# सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ

## चर्तुमंदिर निर्माण संकल्प एवं शिलान्यास समारोह

भगवान शंकर, माँ काली और हनुमान जी के मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं कल्बटाउन रिवरडेल में स्थापित राम दरबार का वार्षिक समारोह

**"Kolkata Eye"**

101, फोरशोर रोड़, हावड़ा, रिवरासाइड प्वेलियन बैंक्वेट के पास

**दिनांक**
7 जून से
13 जून तक

**समय**
प्रतिदिन
सायं 3:00 बजे से
रात्रि 7:00 बजे तक



कथा व्यास
डॉ. सर्वेश्वर जी



दिव्य गुरू
श्री आशुतोष महाराज जी
( संस्थापक व संचालक, डी.जे.जे.एस. )

## चर्तुमंदिर निर्माण संकल्प



श्री शिव मंदिर
जीर्णोद्धार



माँ काली मंदिर
जीर्णोद्धार



श्री हनुमान मंदिर
जीर्णोद्धार



राम दरबार
वार्षिक उत्सव

**मुख्य आयोजक**
संदीप गुप्ता
विजय चौधरी

श्री राम कथा में सहपरिवार शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

**संकल्पकर्ता**
श्री रतन चौधरी । श्री लालजी गुप्ता

**आयोजक मंडल**
श्री आनन्द चौधरी । श्री मनोज पांडे । श्री निरंजन मूंधड़ा । श्री महेन्द्र अग्रवाल । श्री नन्द किशोर लालटरिया
श्री किशन अग्रवाल । श्री रोहित बंका । श्री हरिश चंद जायसवाल । श्री प्रभात सिंह

GOOGLE LOCATION

**संपर्क सूत्र**
9007001234 । 9876543210 । 9830012345

# नेपाल का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार है भारत : विदेश मंत्री खनाल

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अपने नेपाली समकक्ष शिशिर खनाल के साथ एक बैठक के दौरान कहा कि भारत और नेपाल एक ''विशेष'' रिश्ता साझा करते हैं और इसकी पूरी क्षमता को साकार करने के लिए संबंधों को निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। खनाल ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को भारत की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की टिप्पणियों से उपजे विवाद के बीच संबंधों को बेहतर बनाना है। जयशंकर के साथ बैठक के दौरान खनाल ने कहा कि नेपाल



भारत के साथ अपने संबंधों को ''सर्वोच्च प्राथमिकता'' देता है और बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार नयी दिल्ली के साथ ''ठोस और सार्थक'' रूप से जुड़ने के लिए तैयार है। नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा, ''हम पुरानी बातों का बोझ नहीं उठाते और अपने करीबी पड़ोसी एवं सबसे महत्वपूर्ण साझेदार के साथ वास्तव में परिवर्तनकारी संबंध बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।'' जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कथन को दोहराया कि भारत दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और खुशहाली के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''भारत और नेपाल के बीच एक विशेष संबंध है, जो सीमा पार संपर्क और साझा सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं की मजबूत नींव पर आधारित है।'' जयशंकर ने कहा, ''यह आपसी विश्वास, सद्भावना और पारस्परिक लाभ पर आधारित है। व्यापार, वाणिज्य, निवेश, ऊर्जा, विकास सहयोग, शिक्षा, आपदा राहत और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंध लगातार विकसित हुए हैं।''



ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन, वाराणसी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से हुए रूबरू

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 2.1 करोड़ रुपये का गांजा जब्त, एक यात्री हिरासत में

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे एक भारतीय यात्री के पास से छह किलोग्राम से अधिक संदिग्ध 'हाइड्रोपोनिक' गांजा जब्त किया। जब्त किये गये मादक पदार्थ की कीमत लगभग 2.1 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्री के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। 'हाइड्रोपोनिक' गांजा, गांजे की एक उच्च क्षमता वाली किस्म है, जिसे मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगाया जाता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यात्री तीन जून को बैंकॉक से दिल्ली पहुंचा और उसके विवरण की जांच करने के बाद उसे रोका गया। बयान में बताया गया कि यात्री के सामान की 'एक्स-रे' जांच के दौरान, 'संदिग्ध छवियां देखी गईं'। बयान के मुताबिक, विस्तृत जांच के बाद 'छह एक जैसे सीलबंद पैकेट बरामद किये गये, जिनमें गांजा होने का संदेह था और इन पैकेटों का वजन लगभग 6.020 किलोग्राम था। बयान में बताया गया, जब्त किए गए मादक पदार्थ का बाजार मूल्य लगभग 2.10 करोड़ रुपये है।

## एनआईए ने पीएफआई के चार पूर्व कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने तमिलनाडु में पीएमके कार्यकर्ता रामलिंगम की हत्या में संलिप्त लोगों को कथित तौर पर पनाह देने के लिए प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार पूर्व कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। चेन्नई के पूनमल्ली स्थित विशेष एनआईए अदालत में शनिवार को दाखिल आरोपपत्र में के. मोहिद्दीन, मोहम्मद इमरान, थमीम अंसारी और असमत को नामजद किया गया है। इन पर तिरुभुवनम में रामलिंगम पर हुए घातक हमले में संलिप्त हमलावरों और षड्यंत्रकर्ताओं को शरण देने का आरोप है, जो सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और आतंक फैलाने के उद्देश्य से रची गई एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) कार्यकर्ता रामलिंगम की पांच फरवरी, 2019 को तंजावुर में कथित तौर पर पीएफआई सदस्यों द्वारा उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने जबरन धर्मांतरण से रोकने की कोशिश की थी।

## पक्षी विविधता के मामले में दिल्ली विश्व की दूसरी सबसे समृद्ध राजधानी

**नयी दिल्ली :** नैरोबी के बाद दिल्ली पक्षी विविधता के मामले में विश्व की दूसरी सबसे समृद्ध राजधानी है, जो 471 पक्षी प्रजातियों की मेजबानी करती है। शहर के पहले व्यापक 'दिल्ली बर्ड एटलस' से यह जानकारी मिली। इस एटलस को दिल्ली वन विभाग ने 'बर्ड काउंट इंडिया' के सहयोग से शहरव्यापी नागरिक विज्ञान पहल के रूप में तैयार किया है, जिसका उद्देश्य पूरे शहर में पक्षी प्रजातियों के निवास और संख्या का व्यवस्थित रूप से मानचित्रण करना था। अधिकारियों ने बताया कि यह रिपोर्ट दो साल की सर्वेक्षण कवायद के पहले वर्ष के निष्कर्ष प्रस्तुत करती है, जो जनवरी 2025 में शुरू हुआ था। इस परियोजना के तहत, दिल्ली को 6.6 किलोमीटर गुणा 6.6 किलोमीटर के ग्रिड में विभाजित किया गया था, जिसमें शहर के लगभग 11 प्रतिशत क्षेत्र को कवर करने वाले यादृच्छिक रूप से चयनित 145 'सब-सेल' शामिल थे। दो से पांच पक्षी-निरीक्षकों की टीमों ने सर्दियों और गर्मियों के मौसम के दौरान स्थानीय एवं प्रवासी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण करने के लिए सर्वेक्षण किए।

## गुजरात में कार की ट्रक से टक्कर में पांच लोगों की मौत

**मोरबी (गुजरात) :** गुजरात के मोरबी जिले में एक कार की डंपर ट्रक से टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हलवद पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे मोरबी-हलवद राजमार्ग पर चरडवा गांव के पास हुआ। उस समय डंपर ट्रक सड़क पार कर रहा था, तभी कार उससे जा टकराई। दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को बाहर निकालने के लिए मशीन की मदद लेनी पड़ी। अधिकारी ने बताया कि कार में कुल सात लोग सवार थे। इनमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने राजकोट के एक अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात दम तोड़



दिया। दो घायलों को गंभीर हालत में राजकोट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में परेश धाधेया (24) भी शामिल हैं, जो पहले एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए थे और उन्हें भालवद तालुका के रांचोरगढ़ से अस्पताल ले जाया जा रहा था। अन्य मृतकों की पहचान प्रेमजी धाधेया (आम आदमी पार्टी के तालुक पंचायत सदस्य), सुरेश सिरोया (47), वीराम धाधेया (28) और भरत धाधेया (39) के रूप में हुई है।

## मां पर चाकू से हमले के बाद युवक ने इमारत की पांचवीं मंजिल से छलांग लगायी, मौत

**नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय एक युवक ने एक इमारत की पांचवीं मंजिल से कथित तौर पर कूदकर शनिवार को आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, मृतक सागर यादव मानसिक रूप से अस्थिर था और उसने अपनी मां से झगड़े के बाद उस पर कथित तौर पर चाकू से हमला करने के बाद यह आत्मघाती कदम उठाया। बिसरख पुलिस थाने के कर्मियों ने बताया कि यादव अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ रहता था। पुलिस ने बताया, परिवार के सदस्यों के अनुसार, सागर यादव मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं था। शनिवार को उसका मां से झगड़ा हुआ, जिस दौरान उसने मां पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद उसने पांचवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट से छलांग लगा दी।



अगरतला : भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत पाने के लिए नारियल पानी का सेवन करते लोग

## अमृतसर में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी पर स्थिति शांतिपूर्ण रही



**अमृतसर :** ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी पर शनिवार को स्थिति शांतिपूर्ण रही, हालांकि इस दौरान अकाल तख्त के बाहर खालिस्तान समर्थक नारेबाजी की गई। खालिस्तान समर्थक नारे पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के कार्यकर्ताओं ने लगाए। मान भी मौके पर मौजूद थे। खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के समर्थक भी उनके चित्रों के साथ दिखाई दिए। अमृतपाल सिंह वर्ष 2023 में थाने पर हमले से जुड़े मामले में वर्तमान में असम की एक जेल में बंद हैं। कट्टरपंथी सिख संगठन दल खालसा के कार्यकर्ता भी क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें तथा मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले के चित्र वाली तख्तियां लिए हुए नजर आए। अकाल तख्त पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल दल खालसा के नेताओं ने बेअदबी-रोधी कानून को खारिज किए जाने के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज के फैसले का समर्थन किया और पंजाब सरकार को सिख धार्मिक मामलों से दूर रहने की चेतावनी दी। स्वर्ण मंदिर परिसर में पूरे परिक्रमा मार्ग में खालिस्तान समर्थक नारेबाजी की गई। इस दौरान कई युवा तख्तियां लिए दिखाई दिए। ऑपरेशन ब्लू स्टार वर्ष 1984 में चलाया गया एक सैन्य अभियान था, जिसका उद्देश्य स्वर्ण मंदिर परिसर में डेरा डाले आतंकवादियों को बाहर निकालना था।

## शेरों के आठ शावकों की मौत 'बाबेसिया' संक्रमण से नहीं, बल्कि गर्मी के कारण हुई : गुजरात के मंत्री

**अहमदाबाद :** गुजरात के वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल में एशियाई शेरों के आठ शावकों की मौत 'बाबेसिया' संक्रमण या किसी विषाणु के चलते नहीं, बल्कि गर्मी के कारण हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि जो 17 शेर बीमार पड़ गये थे और जिन्हें एहतियात के तौर पर पृथकवास में रखा गया था, उनमें से 12 को स्वस्थ्य होने के बाद वन में छोड़ दिया गया है। मंत्री ने कहा, ''भीषण गर्मी और उससे होने वाली कमजोरी के कारण शेरों के आठ शावकों की मौत हो गई। कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले शावकों की मौत हुई है।

## आरोपपत्र का हिस्सा बने दस्तावेज आरोपी को उपलब्ध कराना जरूरी : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी आरोपी को आरोपपत्र का हिस्सा रहे दस्तावेजों तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा करने से उसके निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए एस चंदूरकर की पीठ ने की। पीठ ने निर्देश दिया कि 1923 के शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत 2007 में दर्ज एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे सेवानिवृत्त मेजर जनरल वी के सिंह को कुछ ''अत्यंत गोपनीय'' दस्तावेजों की टाइप की हुई प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। न्यायालय ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का मामला यह नहीं है कि सिंह द्वारा मांगे गए दस्तावेज मुकदमे के लिए अप्रासंगिक हैं। इसने कहा कि अभियोजन पक्ष की एकमात्र आपत्ति यह थी कि ये दस्तावेज राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से



''अत्यंत गोपनीय'' हैं और उनकी प्रतियां उपलब्ध कराने पर उनके सार्वजनिक होने की आशंका है। सिंह देश की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी भी रह चुके हैं। पीठ ने 18 मई के अपने आदेश में कहा, ''यह स्थापित कानून है कि किसी आरोपी को आरोपपत्र का हिस्सा बने दस्तावेजों, जिनमें सामान्य डायरी के दस्तावेज भी शामिल हैं, तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता, यदि वे दस्तावेज सद्भावना में प्राप्त किए गए हों, अभियोजन के मामले से संबंधित हों और लोक अभियोजक द्वारा न्याय तथा निष्पक्ष सुनवाई के हित में उनके प्रकटीकरण को आवश्यक माना गया हो।''

## होटल में आग की घटना के बाद दिल्ली में एमसीडी ने 94 संपत्तियां ढहाईं, 114 सील कीं

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अनधिकृत निर्माण कार्यों के खिलाफ अपने अभियान के तहत एक जून से अब तक शहरभर में 94 संपत्तियां ढहाई हैं और 114 अन्य संपत्तियों को सील किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में लगी आग में 21 लोगों की मौत होने की घटना के बाद यह कार्रवाई की गई है। एमसीडी ने एक बयान में कहा, ''निगम ने दिल्ली के सभी क्षेत्रों में भवन उपनियमों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों को समन्वित ढंग से ध्वस्त और सील करने की सख्त कार्रवाई तेज कर दी है।'' निगम ने कहा कि यह कार्रवाई दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों पर की गई।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सात दिनों के अंदर नहीं हटाया गया तो देशव्यापी आंदोलन करेंगे: सीजेपी

**नयी दिल्ली :** अभिजीत दीपके के नेतृत्व में शनिवार को जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया या वे स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं देते हैं तो आंदोलन पूरे देश में फैल जाएगा। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरभ दास ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में कई राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और यह शिक्षा और शासन के मुद्दों पर केंद्रित एक व्यापक युवा आंदोलन की शुरुआत का प्रतीक है।



मई में एक ऑनलाइन अभियान के रूप में शुरू हुई सीजेपी ने युवाओं से परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का आग्रह किया था, जो शक्ति प्रदर्शन का एक स्पष्ट तरीका था। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2.2 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## केरल में खाद्य विषाक्तता की चपेट में आए 121 स्कूली छात्र, 78 का इलाज जारी

**वायनाड/कोझिकोड (केरल) :** केरल के कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी ने शनिवार को कहा कि वायनाड में एक सहायता प्राप्त स्कूल के 121 छात्र खाद्य विषाक्तता से पीड़ित पाए गए, जिनमें से 78 का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। मंत्री ने कोझिकोड में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि वायनाड जिले के कोइलाडी स्थित मार बेसिलियोस सहायतित उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्र दूषित भोजन खाने से खाद्य विषाक्तता के कारण बुखार, ठंड लगना और दस्त की चपेट में आ गए। वायनाड के रहने वाले सिद्दीकी ने कहा कि स्कूल में परोसे जाने वाले भोजन और उसके कुओं के पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और परिणाम आने के बाद खाद्य विषाक्तता के स्रोत का पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि परिणाम दो दिन में आ जाएंगे। मंत्री ने कहा कि आवश्यक संख्या में बाल रोग विशेषज्ञों को तैनात किया गया है और बच्चों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जा रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ चर्चा की गई है। इससे पहले दिन में जिला चिकित्सा अधिकारी (डीएमओ) ने यह भी कहा कि फिलहाल चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है और एहतियात के तौर पर स्कूल में एक सप्ताह की छुट्टी घोषित कर दी गई है। अधिकारी ने यह भी बताया कि बच्चों के इलाज के लिए बाथेरी तालुक अस्पताल में एक विशेष वार्ड बनाया गया है।

## अमरिंदर ने शाह, नड्डा से मुलाकात की

**चंडीगढ़ :** पंजाब भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति पर आपत्तियां जताने के कुछ दिन बाद पार्टी के नेता अमरिंदर सिंह ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और पंजाब से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच पंजाब समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। सिंह (84) ने 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। हाल ही में उन्होंने पंजाब भाजपा अध्यक्ष के रूप में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इस नियुक्ति से पहले उनसे कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया। मुलाकातों के बाद सिंह ने 'एक्स' पर लिखा, आज नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात हुई और पंजाब से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, आज नयी दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा जी से मुलाकात कर पंजाब से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सिंह ने दोनों नेताओं के साथ अपनी मुलाकातों की तस्वीरें भी साझा कीं। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी 'एक्स' पर लिखा कि सिंह से मुलाकात के दौरान पंजाब समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

## न्यायपालिका सभी के लिए सुलभ हो, न कि केवल मुकदमे का खर्च वहन करने वालों के लिए: सीजेआई

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि ऐसा न्यायालय जो केवल उन लोगों के अधिकारों की रक्षा करता है जो मुकदमेबाजी का खर्च उठाने में सक्षम हैं, वह अपने संवैधानिक कार्य को पूरा नहीं कर रहा है, बल्कि केवल उसकी औपचारिकता निभा रहा है। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को न केवल अधिकारों का संरक्षक होना चाहिए, बल्कि ''यह इतनी सुलभ होनी चाहिए कि उसका संरक्षण वास्तविक रूप से महसूस हो।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत शुक्रवार को 'क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन'



में वाणिज्यिक विधि केंद्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। उन्होंने छात्रों के साथ व्यापक चर्चा की और छात्रों ने उनसे न्यायपालिका, न्याय तक पहुंच और कानूनी पेशे के भविष्य समेत विभिन्न मुद्दों पर कई सवाल पूछे। संवैधानिक लोकतंत्र में जनता के भरोसे को बनाए रखने में न्यायपालिका की भूमिका के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जनता का भरोसा किसी संस्था को यूं ही नहीं मिल जाता, बल्कि इसे पारदर्शिता, निरंतरता और आत्म-सुधार के जरिये लगातार हासिल करना पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र में न्यायपालिका जवाबदेही की अंतिम कड़ी है, लेकिन उसे स्वयं संविधान और उनलोगों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए, जिनके लिए यह अस्तित्व में है। उन्होंने कहा, ''इसीलिए मैंने एक समान राष्ट्रीय न्यायिक नीति पर जोर दिया है। जब अदालतों के फैसले सुसंगत होते हैं, तो लोगों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास बढ़ता है। इससे नागरिकों को यह समझने में आसानी होती है कि कानून कैसे लागू होगा और वे उसी के अनुसार अपने निर्णय ले सकते हैं। यही कानून के शासन का मूल सिद्धांत है।'' आधुनिक लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में पूछे जाने पर, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका का सर्वोपरि कर्तव्य यह सुनिश्चित करना है कि संविधान में निहित सिद्धांत केवल कागज पर लिखे शब्द न हों, बल्कि इस बात की गारंटी बने जो प्रत्येक नागरिक की स्वतंत्रता की रक्षा करें।'' उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को लोगों के अधिकारों की रक्षा करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, विशेष रूप से उन लोगों की, जो हाशिये पर हैं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार के अत्याचार या उनके अधिकारों के हनन से बचाया जा सके।

## अधूरा ज्ञान खतरनाक, एनएफएचएस-6 स्वास्थ्य सेवा में बदलावों को दर्शाता है : नड्डा का खरगे पर पलटवार

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-6 के निष्कर्षों की आलोचना पर पलटवार करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि अधूरा ज्ञान खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि नवीनतम आंकड़े मोदी सरकार के तहत भारत के स्वास्थ्य सेवा संकेतकों में महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाते हैं। ये टिप्पणियां तब आईं जब खरगे ने दो दिन पहले सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया था कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की पूर्ण अक्षमता



को उजागर किया है और उस पर स्वास्थ्य सेवा और पोषण में उसकी विफलताओं को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपाने का आरोप लगाया था। कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणियों का जवाब देते हुए, नड्डा ने उन पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सर्वेक्षण के निष्कर्षों को चुनिंदा रूप से पढ़ने का आरोप लगाया और कहा कि आंकड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य तंत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाते हैं। नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्री खरगे जी का अधूरा ज्ञान खतरनाक है। जन स्वास्थ्य इतना महत्वपूर्ण है कि इसे राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जा सकता। चयनात्मक पठन राजनीति के काम आ सकता है, लेकिन राष्ट्र की सेवा तथ्य ही करते हैं।

# सैलानियों को लुभा रहे हैं राजस्थान के हैरिटेज होटल

चेतन चौहान



राजस्थान के राजपूती वैभव किले, महल, छतरियां व कलात्मक हवेलियों में उकेरी गई स्थापत्य कला को निहारने राजस्थान में हर वर्ष लाखों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। वे इन्हें सिर्फ निहारने ही नहीं, बल्कि उनको महसूस करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि वे इनके बीच कुछ दिन जिएं और इस माहौल में रच बस कर यहां की परंपराओं से रूबरू हों।

देशी विदेशी पर्यटकों की इसी इच्छा को साकार करने का प्रयास ही हैरिटेज होटलों की बुनियाद है। यही वजह है कि राजस्थान के अधिकांश किलो, हवेलियों व महलों को हैरिटेज होटलों में परिवर्तित कर दिया गया है।

राजस्थान का कला वैभव, संस्कृति एवं शौर्य की जीती जागती एक ऐसी तस्वीर यहां के किले, महल और हवेलियां हैं जिन्होंने अपने समक्ष न जाने कितने साम्राज्यों को बसते और उजड़ते देखा है। राज गया रजवाडे. गये और बस, पीछे छोड़ गए पत्थरों के सीने पर कलाकारों की छैनी व हथौड़ी से उकेरी गई रियासती काल की दास्ताँ जो आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। ये केवल मात्र इमारतें भर नहीं हैं बल्कि इनमें एक संपूर्ण काल का इतिहास दिखाई देता है।

वक्त के थपेड़ों ने जब इन ऐतिहासिक इमारतों को खंडहरों में तब्दील करना शुरू कर दिया, तब इनका क्या उपयोग हो सके व किस तरह इनका स्वरूप बरकरार रह सके ताकि विरासत के ये स्मृति चिन्ह इस बात का साक्षात्कार करा सकें कि कल तक इनमें भी इतिहास पलता था। इस दिशा में ही एक नायाब तरीका खोज निकाला गया है और वह है इन किलों व हवेलियों को हैरिटेज होटल में बदलकर इनके ढांचों को जस का तस रखना व राज घरानों की शाही जिंदगी और शान शौकत की याद दिलाना। राजस्थान के हर छोटे बड़े शहरों व कस्बों में गढ़, हवेलियां व किले तथा भव्य राज प्रसाद अपनी अतीत की सुनहरी यादें दामन में समेटे आकाश की ओर बेबस निगाहों से देखते नजर आते हैं।

किलों और महलों के भीतर किया गया सोने-चांदी का बारीक नक्काशीदार कार्य आज भी देखा जा सकता है। पश्चिम राजस्थान में जोधपुर व थार के आंचल में बसी स्वर्णनगरी जैसलमेर की भव्य इमारतों में वही अतीत की शानोशौकत नजर आती है क्योंकि राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने इस दिशा में ठोस पहल की जिसके फलस्वरूप रजवाड़ों के पीछे बचे राजाओं व ठाकुरों ने इस संपत्ति को होटलों में परिवर्तित कर आम के आम और गुठलियों के दाम वाली कहावत चरितार्थ कर दी है।

राजस्थान में शेखावटी, मेवाड़, मारवाड़, ढूंढार की कला व संस्कृति इतनी समृद्ध है कि यहां की ऐतिहासिक विरासतें भारत ही नहीं, विदेशों में भी मशहूर हैं। शेखावटी में सामोद, नवलगढ़,मण्डचा, डूंडलोद, फतेहपुर, बिसाऊ, रामगढ़ लक्ष्मणगढ़ व चुय की हवेलियां और उनमें की गई कारीगिरी को देखने के लिए देश विदेश के सैलानी आते रहते हैं।

जयपुर में अवरोल लॉज बिसाऊ हाउस, मण्डावा हाउस, नारायण निवास पैलेस राजमहल पैलेस, सामोद हवेली तथा सत्यामहल को भी हैरिटेज होटलों में बदल दिया गया है।

इसके अलावा बरवाड़ा फोर्ट, कैसलबीजपुर (चित्तौड़गढ़) भीकमकौर (ओसिया) लालगढ़ पैलेस (बीकानेर) भाद्राजुंन (जालौर) रावला (बांसवाड़ा) गोल बाग पैलेस (भरतपुर) उदस विलास पैलेस (डूंगरपुर) घानेराव (पाली) रायल कैसल, (खींवसर, नागौर) केसर पैलेस (माउंट आबू) नीमराना फोर्ट (अलवर) आदि भी होटलों में बदले जा चुके है।

भारत सरकार ने महल किले व हवेलियों को हैरिटेज होटलों में परिवर्तित करने की दिशा में पूंजी अनुदान योजना लागू की है यह योजना रजवाड़ों की उस संपत्ति पर ही लागू की गई जो 75 वर्षों से भी पुरानी है इस योजना का लाभ कई ठिकानेदार आज भी लेने को आतुर हैं जो अपनी पुरानी विरासत को होटल में बदलकर इसके मूल स्वरूप को जिंदा रखना चाहते हैं।

शाही राजघराने अपनी संपत्तियों को होटलों में बदलकर विदेशी सैलानियों को रिझाना चाहते हैं ताकि विदेशी सैलानी इनमें ठहरकर यहां की कला खान-पान व परंपरागत सांस्कृतिक विरासत का भरपूर आनंद उठा सकें। यही वजह है कि प्रतिवर्ष विदेशियों की तादाद बढ़ रही है।

यहां की भव्य और कलात्मक हवेलियां अपने पुराने स्वरूप के बदले अंदाज के कारण पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी हुई है। कल तक जिन हवेलियों में वीरानगी छाई हुई थी, आज वहां विदेशी पर्यटकों की चहल पहल है। गढ़ व हवेलियों के इसा बदलाव से पर्यटकों का पसंदीदा राज्य बन चुका है। देश में आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान आता है। ये पर्यटक केवल ऐतिहासिक स्मारक गढ़ तथा किले देखकर ही संतुष्ट नहीं होते बल्कि ये यहां की सांस्कृतिक परंपराओं व संस्कृति को भी देखनले हेतु लालायित रहते हैं। राजस्थान का मारवाड़ व शेखावटी अंचल पर्यटकों को लुभाने में अग्रणी साबित हुआ है।

मारवाड़ क्षेत्रा में जोधपुर में मेहरानगढ़ दुर्ग, उम्मेद भवन, बालसमन्द और अजीत भवन इसकी जीती जागती मिसाल हैं तो राजस्थान के उत्तरपूर्व से लगभग ढाई सौ किलोमीटर दूर शेखावटी की राजधानी मंडावा भी पर्यटकों को आकर्षित करने में पीछे नहीं है। यहां की हवेलियों को हैरिटेज लुक देकर ऐसा कायाकल्प किया गया है कि पर्यटक यहां अवश्य आते हैं। तब हवेलियां पर्यटकों से खचाखच भरी रहती हैं। हवेली के मालिकों ने पर्यटकों को लुभाने के लिए कैमल राइडिंग, पपेट शो और फोक डांस के इंतजाम किये हैं।

अधिकांश पर्यटक यहां की फ्रेस्को पेंटिंग व हवेलियों की स्थापत्य और वास्तुकला देखने हेतु आते हैं। ऐसी पेंटिंग भारत के अलावा इटली में ही देखी जा सकती है। मंडावा के अलावा फतेहपुर, नवलगढ़, रामगढ तथा लक्ष्मणगढ़ में भी मनमोहक हवेलियां हैं। पर्यटकों की बढ़ती तादाद से इन हवेलियों के मालिक इन्हें संरक्षित करने में लगे हुए हैं। विदेशियों से धन कमाने के चक्कर में कई व्यवसायी व बड़े उद्योग समूह यहां होटल तक खोलने में दिलचस्पी ले रहे हैं।

राजस्थान में हैरिटेज का जमकर बोलबाला है। आज देश भर में कुल 140 से अधिक हैरिटेज होटल हैं जिनमें राजस्थान में सर्वाधिक हैरिटेज होटल हैं। (उर्वशी)

# गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करें



नरेंद्र देवांगन

रीना परीक्षा खत्म होने के बाद दिनरात आराम फरमाती रहती। उसे गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई करना अच्छा नहीं लगता। उस का मानना है कि गर्मी की छुट्टियां होती ही आराम करने के लिए हैं लेकिन रीना यह भूल जाती है कि हर समय की कीमत होती है और उसे बरबाद करने से अपना अहित होता है। रीना को सोचना चाहिए कि केवल परीक्षा देना ही काफी नहीं है। कैरियर बनाने के लिए आगे की तैयारी भी जरूरी है।

एक रीना ही नहीं, अनेक लड़के लड़कियां मिल जाएंगे जो गर्मी की छुट्टी को ले कर गलत धारणा बना कर चलते हैं। वे गर्मी की छुट्टियां सिर्फ सैर सपाटे या आराम कर के बिताते हैं। इस प्रकार के लड़के लड़कियां अपना कैरियर नहीं बना पाते। गर्मी की छुट्टियां होना शैक्षणिक गतिविधियों से निष्कासन नहीं समझना चाहिए बल्कि यह सोचना चाहिए कि यह प्रतियोगी या अन्य परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा समय है।

ईशु ने 11 वीं की परीक्षा दी। अब उस के पास 2 महीने खाली समय था। गर्मी की छुट्टी को वह घूमफिर कर बरबाद नहीं करना चाहता था। उसने निश्चय कर लिया था कि वह 12 वीं की पढ़ाई के साथ साथ पी. ई. टी. की परीक्षा भी देगा। पी. ई. टी. की तैयारी शुरू करने के लिए उसे गर्मी की छुट्टियां ही उपयुक्त समय लगा।

उस ने फालतू घूमना फिरना छोड़ पी. ई. टी. परीक्षा की तैयारी शुरू कर दो। उसे पी. ई. टी. की तैयारी करने के लिए लगभग 3 महीने का समय मिल गया। फिर उस ने स्कूल खुलने के बाद 12वीं की पढ़ाई शुरू कर दी। इस बीच वह पी. ई. टी. परीक्षा भी करता रहा। उसकी सक्रियता रंग लाई। उसने 12 वी और पी. ई. टी. दोनों परीक्षाओं को मेरिट में उत्तीर्ण किया।

रीना जैसे लड़के लड़कियां गर्मी की छुट्टियों में विश्राम करना अपना अधिकार समझते हैं, अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं लेकिन इस प्रकार की सोच वाले लड़के लड़कियों का कैरियर किस तरह होता है, यह भी किसी से छिपा नहीं है।

रीना के ठीक विपरीत स्वभाव वाली अंजू को गर्मी की छुट्टियों का इंतजार रहता है लेकिन वह इन छुट्टियों का उपयोग अपना कैरियर संवारने के लिए करती है क्योंकि वह गर्मी की छुट्टियों को विश्राम करने का समय नहीं मानती। शैक्षणिक विषय संबंधी पढ़ाई से अलग सामान्य ज्ञान की तैयारी, प्रतियोगिता परीक्षा जैसी तैयारी में जुट जाती है।

यहीं नहीं, अंजू अपनी पढ़ाई, कैरियर के अलावा घर गृहस्थी के कार्यों को भी गर्मी की छुट्टियों में सीख लेती है। वह घर में रह कर मां और भाभी से नई नई चीजें बनाना सीख लेती है। तभी तो वह पुलाव व दही बड़े अच्छे बनाती है।

अंजू बुनाई, कढ़ाई और सिलाई में भी प्रवीण है। वह गर्मी की छुट्टियों में दूसरों के कपड़ों की सिलाई, कढ़ाई वगैरह कर कुछ रूपए भी इकट्ठा कर लेती है। इन रूपयों को वह अपनी पढ़ाई पर खर्च करती है। खर्चों के लिए वह अपने पापा या भैया पर आश्रित नहीं रहती। अंजू के इस गुण के कारण ही उस की भाभी उस पर जान छिड़कती है और उसे अपनी पलकों पर बैठाती है। मम्मी-पापा और भैया तो उस की प्रशंसा करते नहीं थकते।

गर्मी की छुट्टियों में नई चीजें सीखने की आदत अच्छी होती है क्योंकि उस समय विषय संबंधी पढ़ाई की चिंता नहीं होती जबकि विषय की पढ़ाई करते समय किसी दूसरे क्षेत्र की ओर ध्यान दे पाना सहज नहीं होता, इसलिए इस सीख को ध्यान में रख कर गर्मी की छुट्टियों में आरामपरस्ती के स्थान पर कार्यों में दक्षता प्राप्त करें।

राज चित्र बहुत बनाता है। उस को आराम करना कतई पसंद नहीं है। फालतू में खाट तोड़ना उस की आदतों में शुमार नहीं है। गर्मी की छुट्टियां आने पर वह नई नई चीजें बनाना सीखता है फिर वहीं चीजें प्रदर्शनी वगैरह में रख कर वाहवाही लूटता है। उस ने चित्राकला, फोटोग्राफी, भाषण देने की कला सीख कर कई प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

गर्मी की छुट्टियों में दिन भर सोते रहना, फिल्में देखना, ताश खेलना अच्छी आदतें नहीं हैं। दोस्तों के साथ इधर उधर घूम कर समय निकाल देना कोई बड़ाई नहीं है बल्कि अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना है।

गर्मी की छुट्टियां सब को अच्छी लगती हैं। आप को भी अच्छी लगती होगी, इस में कोई संदेह नहीं है लेकिन याद रखें, समय तो समय ही होता है जो हाथ से निकल जाए तो वापस नहीं आता। काम करने के दिनों में आरामपरस्त बनना बुरा है। वर्ष के सभी महीनों को समान मानें और गर्मी की छुट्टियों में भी अपने कैरियर को संवारने के लिए कड़ी मेहनत करें। (उर्वशी)

# सफर में दोस्ती - सावधान रहें

नरेंद्र देवांगन



जीवन के हर मोड़ पर मिल जाएंगे हमसफर। जिंदगी के किस मोड़ पर कब कोई आपसे टकरा जाए, कुछ पता नहीं चलता। अक्सर जब हम सफर पर होते हैं तो कितने ही लोगों से मुलाकात होती है। उनसे बातचीत होती है। सुख-दुख के क्षण बांटे जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि बस या ट्रेन में हुई यह कामचलाऊ दोस्ती जिंदगी के मायने बदल देती है।

अब सवाल उठता है कि सफर के दौरान बस या ट्रेन में हुई इस दोस्ती को कहां तक सीमित रखा जाए। क्या इसे वहीं पर खाने-पीने, घूमने-फिरने के अंदाज में समाप्त कर दिया जाए या फिर इस दोस्ती को जिंदगी के लंबे सफर में शामिल किया जाए। यों तो यह आप की इच्छा पर निर्भर करता है कि आप किसी से बातचीत को किस नजरिए से देखते हैं।

अगर दूरदृष्टि से देखा जाए तो इस प्रकार की टेंपरेरी दोस्ती को सफर के खात्मे के साथ ही खत्म कर देना उचित है अन्यथा मुसीबत भी आ सकती है।

अगर आप परिवार के साथ सफर कर रहे हैं तो आप किसी के साथ अपने संबंध को घटा या बढ़ा सकते हैं पर अकेली लड़की के लिए यह कदापि उचित नहीं कि वह राह चलती दोस्ती को गहरे रिश्तों में तब्दील करे वरना यह दोस्ती बेवजह की मुसीबत बन सकती है।

माना कि इस तरह की दोस्ती अक्सर नुक्सानदेह होती है पर यह जरूरी नहीं कि हर बार ऐसा ही हो। कभी-कभी यह टेंपरेरी फ्रेंडशिप करियर को या आपकी जिंदगी को नया मोड़ दे देती है। कई बार संबंध इतने गहरे हो जाते हैं कि लांग टर्म फैमिली रिलेशन में तब्दील हो जाते हैं।

सफर के दौरान समय काटने के लिए हम अपने सहयात्री से बातचीत करने लगते हैं। धीरे-धीरे यह बातचीत सिनेमा, सोसाइटी से व्यवसाय, व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से होते हुए घर तक पहुंच जाती है पर सवाल उठता है कि क्या किसी अजनबी को अपने इतने पास आने देना उचित है?

इसका जवाब है नहीं क्योंकि आप दो-चार घंटों में किसी व्यक्ति की अच्छाई या बुराई से अवगत नहीं हो सकते। ऐसे में उचित यही है कि आप भावुकतावश किसी को भी अपने बारे में कुछ भी न बताएं। इस तरह की कामचलाऊ दोस्ती को घर तक ले जाने के बजाय वहीं पर समाप्त कर देना बेहतर होता है।

क्या करें, क्या न करें-

जान-पहचान को टाइमपास करने तक ही सीमित रखें।

लंबे सफर के दौरान किसी से ज्यादा घुलने-मिलने से पहले उसकी बात व्यवहार और गतिविधियों को देखें, तभी उससे संपर्क बनाएं।

अपने दिल में पहले से ही गलत धारणा पाल कर न रखें।

खुले दिल से दोस्ती के प्रपोजल को एक्सेप्ट करें।

अजनबियों द्वारा दी गई चीजों को खाने से परहेज करें।

बिना सोचे-समझे अपने घर का टेलीफोन नंबर और पता न दें।

अपने परिवार की कमियों का उल्लेख न करें।

अपनी बहुत पर्सनल बातें शेयर न करें। जरूरी नहीं कि आप भावुकतावश इस संबंध को जबरदस्ती आगे बढ़ाएं। अगर आपको उचित लगता है, तभी दोस्ती गहरी करें अन्यथा उसके साथ बेहतरीन वक्त गुजारें और अपने रास्ते पर चल पड़ें।

जल्दबाजी में टेंपरेरी फ्रेंड को अपने परिवार में शामिल न करें।

इस तरह के संबंध के बारे में 'जीवन के सफर में राही मिलते हैं बिछड़ जाने को का' रवैय्या अपनाएं और मस्त रहें। (उर्वशी)

# बेवकूफ नहीं होते शुतुरमुर्ग

गणपत पंवार



दुनिया का सबसे बड़े आकार और तेज रफ्तार से दौड़ने वाले पक्षी शुतुरमुर्ग के बारे में प्रचलित यह धारणा निराधार है कि शिकारी को सामने देखकर बेवकूफ शुतुरमुर्ग रेत में गर्दन छिपा लेता है बल्कि शुतुरमुर्ग तो एक समझदार पक्षी है। यह मिथक शायद शुतुरमुर्ग के भारी-भरकम शरीर के कारण बना, जिसका अर्थ यह है कि शुतुरमुर्ग पक्षी जगत का इतना विशाल प्राणी है कि उसका छिपना असंभव है।

शुतुरमुर्ग की ऊंचाई आठ से दस फीट तथा वजन डेढ़ सौ कि.ग्रा तक हो सकता है। यही प्रमुख कारण है कि यह पक्षी उड़ नहीं सकता लेकिन यह पचास किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ अवश्य सकता हैं। यह एक्टिव पक्षी दस घंटे लगाकर बिना थके चल सकता है।

संसार के सबसे बड़े पक्षी शुतुरमुर्ग का अंडा भी सबसे बड़ा होता है। यह डेढ़-दो किग्रा तक हो सकता है।

प्राणी शास्त्रियों एवं पक्षी विशेषज्ञों की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण अफ्रीका में शुतुरमुर्ग को भेड़ों के रेवड़ की निगरानी के लिए एक गडरिए की भांति प्रशिक्षित किया जाता है। जब भेंड़ें चरने जाती हैं तो शुतुरमुर्ग उन्हें कंट्रोल करने के लिए साथ चलते हैं।

घर वापसी तक वे रेवड़ का पूरा ख्याल रखते हैं। इस दरमियान कोई भेड़ अनुशासन भंग करती हैं तो वे उसे चोंच मार कर इसका दंड भी तुरंत देते हैं।

दिलचस्प बात यह भी है कि बहुधा एक नर शुतुरमुर्ग के साथ दो-तीन मादा शुतुरमुर्ग रहती हैं। नर शुतुरमुर्ग मैदान में मिट्टी खोदकर खड्डानुमा घोंसला बनाता है जिसमें मादा शुतुरमुर्ग अंडे देती हैं। शुतुरमुर्ग की पीठ काले व हल्के ग्रे स्लेटी रंग की होती है। वहीं गर्दन व पैरो का हल्का भूरा, मिट्टी, रेत के समान रंग होता है।

शुतुरमुर्ग जहां पहले यूरोप,एशिया, अफ्रीका में पाया जाता था, अब अफ्रीका में कालाहारी मरूस्थल तक ही सिमट कर रह गया है। विभिन्न वनस्पतियों को खाने वाला यह सर्वहारी पक्षी भोजन में कीड़े-मकौड़े, छिपकलियां, चिड़ियां, चूहे आदि भी आवश्यकतानुसार खा लेता है। अपने भोजन को पचाने के लिए शुतुरमुर्ग अन्य पक्षियों की भांति कंकड़ भी नियमित रूप से निगल लेता है।

दरअसल, पक्षी विशेषज्ञों की मानें तो पक्षी भोजन को बिना चबाए ही निगल जाते हैं क्योंकि उनके दांत नहीं होते। कंकड़ वे इसलिए निगलते हैं कि ये आमाशय में भोजन को पचाने के एंजाइम(रस) बनाने का कार्य करते हैं।

कंकड़ के अभाव में कभी-कभी ये दूसरी कठोर व सख्त चीजों को भी निगल जाते हैं जो इन्हें हानि पहुंचा सकते हैं और कभी -कभी मौत का कारण भी बन जाते हैं। शुतुरमुर्ग की औसत आयु तीस से चालीस साल तक होती है। पिछले दस-बारह सालों में इस पक्षी की संख्या में तेजी से गिरावट आई है जो पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्रा के लिए अच्छा संकेत नहीं है। (उर्वशी)

# धृतराष्ट्र और हंस के बच्चे

महाभारत कथा



महाभारत का युद्ध समाप्त हो चुका था। कौरव अपनी जान खो बैठे थे। जिंदा थे तो केवल कौरवों के पिता धृतराष्ट्र। वे पांडवों के पास ही रहते थे। पांचों भाई उनकी पिता तुल्य सेवा करते थे। पांडव उन्हें अच्छा खिलाते-पिलाते, पर भोजन के बाद भीम उनसे रोज एक कटु वाक्य कहते, सौ को खा गये, अब भी तुम्हारा पेट नहीं भरा।

धृतराष्ट्र जहर का घूंट पी कर रह जाते। उनके तन बदन में आग लग जाती। उनका खाया-पिया जहर हो जाता परंतु वे उसके जवाब में कुछ नहीं बोलते। मन ही मन कुढ़ते रहते। एक दिन श्री कृष्ण उनसे मिलने आये और पूछा 'धृतराष्ट्र कहो क्या हाल है?'

धृतराष्ट्र बोले- 'प्रसन्न हूं महाराज! केवल एक वेदना है। पांडव मुझे अच्छा खिलाते पिलाते हैं परंतु भोजन के बाद रोज भीम मुझसे एक कटु वाक्य कहता है कि सौ खा गए अब भी तुम्हारा पेट नहीं भरा। बस मेरा खाया-पिया जहर हो जाता है।'

श्री कृष्ण के सांवले मुख पर मुस्कान फैल गई। उन्होंने धृतराष्ट्र के कंधे पर हाथ रख कर कहा, 'इस वाक्य में तुम्हारे पूर्वजन्म की एक कहानी छुपी हुई है धृतराष्ट्र!'

'कहानी! कैसी कहानी' धृतराष्ट्र ने धीरे से पूछा।

'क्या तुम सुनना चाहते हो?'

'अवश्य, उससे शायद मेरे मन की पीड़ा कम हो सके।आप सुनाइए।'

'तो सुनो धृतराष्ट्र।' श्री कृष्ण ने कहना शुरू किया, 'तुम पिछले सौ जन्मों से राज पद प्राप्त करते आ रहे हो। इस जन्म से पहले भी तुम एक बहुत अच्छे धर्मात्मा और दानी राजा थे। तुम दुखियों की सहायता करते थे, जनता की परेशानी को अपनी परेशानी समझते थे पर दुर्भाग्य, तुम कोढ़ की बीमारी से परेशान थे। कोढ़ तुम्हें कभी सुख की नींद नहीं सोने देता था। एक बार ऐसा हुआ कि मानस-रोवर झील सूख गई। उसमें रहने वाले हंसों के सामने अपने जीवन की समस्या आ गई। इसलिए उन्होंने मानसरोवर को छोड़ने का निश्चय कर लिया। वे अपने अपने बच्चों को साथ ले दक्षिण दिशा की ओर उड़ चले। रास्ते में तुम्हारा राज्य पड़ता था। वे सब के सब तुम्हारे राज्य में उतर आए। तुमने उनका मूल्यवान मोतियों के थैलों से आतिथ्य किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। जब तुमने उनसे उनके दक्षिण दिशा जाने का कारण पूछा तो उन्होंने मानसरोवर के सूख जाने की बात बता कर कहा कि हम सब दक्षिण की ओर जा रहे हैं, इसलिए आप हमारे इन सौ बच्चों को पालें। जब वर्षा हो जाएगी और मानसरोवर भर जाएगा, तब हम वापिस आएंगे और अपने बच्चों को ले जाएंगे। इस जिम्मेदारी को तुमने सहर्ष स्वीकार कर लिया और उनको पालने का काम अपने एक माली को दे दिया। उधर तुम्हारा यह हाल था कि जब तक तुम्हारे खाने के थाल में मांस नहीं होता था, तुम खाना नहीं खाते थे। एक दिन तुम्हारा रसोइया तुम्हारे लिए मांस का इंतजाम नहीं कर सका। वह जल्दी में उस माली के पास गया और बोला' माली आज महाराज के लिए मांस का इंतजाम न हो सका, इसलिए इन हंसों में से एक हंस मुझे दे दो।' माली भला क्यों नहीं देता।

रसोइये ने हंस का मांस बनाया। जिस दिन तुमने वो मांस खाया, तुम्हारे कोढ़ में आराम रहा, जलन में कमी रही और स्त्राव भी कम हुआ। तुम्हें बहुत खुशी हुई। तुमने रसोइये से कहा, आज का मांस से मुझे काफी आराम मिला, तू रोजाना मेरे लिए यही मांस बनाया कर।' तुम्हारे कोढ़ में हंस के मांस से लाभ पहुंचा व रोग शांत होने लगा और धीरे धीरे तुम पूरी तरह स्वस्थ हो गए लेकिन तब तक तुम हंसों के सारे के सारे बच्चों को खा चुके थे।

वर्षा हुई। हंस वापस लौटे। वे तुम्हारे राज्य में रूके। तुमने उनका फिर बहुत अच्छा आतिथ्य किया। जब वे जाने लगे तो बोले 'महाराज हमारे बच्चों को बुला दीजिए, हम उन्हें वापिस ले जाना चाहते है।' तुमने माली को बुला कर हंसों के बच्चों के बारे में पूछा तो वह बोला, 'महाराज मुझे तो मालूम नहीं, अपने रसोइये से मालूम कीजिए। रसोइये को बुलाकर हंस के बच्चों के संबंध में पूछा तो वह बोला,'अब मैं कहां से लाऊं श्रीमान, वे तो सब के सब आपके पेट में पहुंच चुके हैं। उसी की बदौलत आपके कोढ़ का भयंकर रोग मिटा है।

यह सुनते ही तुम असमंजस में पड़ गए। उधर हंसों की आत्मा बच्चे के वियोग में कराह उठी। जब तुम कुछ भी उत्तर न दे सके तो वे हंस बोले- 'जा हम तुम्हें यह श्राप देते हैं कि तेरे ही बेटों के रूप में हमारे सारे बच्चों जन्म लेंगे और हममें से एक तेरे परिवार के अन्य सदस्य के घर जन्म लेगा, जो महा पराक्रमशाली होगा। इसलिए धृतराष्ट्र जो सौ पुत्र तुम्हारे थे, वे सब उन हंसों के बच्चे थे। जो यह भीम है, यह उन हंसों में से एक है। इसे अभी भी तुम्हारे पूर्व जन्म की कहानी याद है। तुम तो भूल गए और इसी कारण यह भीम तुम्हारे ह्वदय को छेदता रहता है और उसी पाप की वजह से तुम जन्मजात अंधे हुए हो।'

श्री कृष्ण ने कहानी समाप्त की और धृतराष्ट्र को झिंझोड़ा। वह चौंक कर उठ खड़ा हुआ और एक ओर चल दिया। अपने पाप के भार से उसके पैर बोझिल हो गए थे। वे उससे उठाए भी उठ नहीं रहे थे।

■ गुरिन्द्र भरतगढ़िया

# रेसिपी कार्नर: प्रोटीन पाउडर





आजकल फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर लोगों में जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। जिम जाने वाले हों, वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोग हों या फिर शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हों, लगभग हर कोई अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है। इसी वजह से बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर की मांग भी बढ़ी है। हालांकि, कई लोग महंगे सप्लीमेंट्स की जगह घर पर बने प्राकृतिक विकल्पों को प्राथमिकता देते हैं।

घर पर बनाया गया प्रोटीन पाउडर न केवल किफायती होता है, बल्कि इसमें आप अपनी जरूरत के अनुसार सामग्री भी चुन सकते हैं। बादाम, मूंगफली, भुना चना, अलसी, ओट्स और विभिन्न बीजों से तैयार यह पाउडर शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान कर सकता है। साथ ही इसमें कृत्रिम फ्लेवर, अतिरिक्त चीनी और अनावश्यक एडिटिव्स की चिंता भी नहीं रहती।

यदि आप भी एक हेल्दी और प्राकृतिक प्रोटीन पाउडर बनाना चाहते हैं, तो यह आसान रेसिपी आपके लिए उपयोगी हो सकती है। आइए जानते हैं घर पर प्रोटीन पाउडर बनाने की विधि, इसके फायदे और सेवन का सही तरीका।

### घर पर प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए सामग्री

1 कप भुना चना
1 कप बादाम
1 कप मूंगफली (भुनी हुई)
आधा कप ओट्स



1/4 कप अलसी के बीज
1/4 कप कद्दू के बीज
2 चम्मच इलायची पाउडर (स्वाद के लिए)

इन सभी सामग्रियों में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स और आवश्यक मिनरल्स पाए जाते हैं।

### प्रोटीन पाउडर बनाने की आसान रेसिपी

- सबसे पहले बादाम, मूंगफली, ओट्स, अलसी और कद्दू के बीज को हल्का भून लें।
- इससे इनमें मौजूद नमी कम हो जाती है और पाउडर लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।
- सभी सामग्री को ठंडा होने दें।
- इसके बाद इन्हें मिक्सर ग्राइंडर में डालकर बारीक पीस लें।
- आखिर में इलायची पाउडर मिलाएं और मिश्रण को एयरटाइट कंटेनर में भरकर रखें।
- आपका होममेड प्रोटीन पाउडर तैयार है।
- इस प्रोटीन पाउडर के फायदे
- घर पर तैयार किया गया यह पाउडर कई पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत हो सकता है।
- शरीर को प्रोटीन उपलब्ध कराने में मदद
- मांसपेशियों के विकास को सपोर्ट
- लंबे समय तक पेट भरा रखने में सहायक
- फाइबर के कारण पाचन को समर्थन
- हेल्दी फैट्स से ऊर्जा प्राप्त करने में मदद
- ध्यान रखें कि इसके लाभ व्यक्ति की डाइट, उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

### सेवन करने का सही तरीका

- इस पाउडर का 1 से 2 चम्मच हिस्सा दूध, स्मूदी, शेक या दही में मिलाकर लिया जा सकता है।
- सुबह नाश्ते में या वर्कआउट के बाद इसका सेवन कई लोग पसंद करते हैं।
- यदि आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो सेवन से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना उचित हो सकता है।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार खिलाड़ी ग्रेस डांगमेई ने संन्यास की घोषणा की

**मडगांव :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार खिलाड़ी ग्रेस डांगमेई ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। यह घोषणा टीम के यहां फाइनल में बांग्लादेश पर 3-1 की जीत से सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद की गई। मणिपुर की रहने वाली 30 वर्षीय फॉरवर्ड खिलाड़ी ने 2013 में अपने पदार्पण के बाद से 95 बार देश का प्रतिनिधित्व किया और अपना तीसरा सैफ खिताब जीतकर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का शानदार समापन किया। फाइनल मैच में वह शुरुआती 11 खिलाड़ियों में शामिल नहीं थीं और स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर उतरीं। लेकिन बाद में उन्हें कप्तान बनाया गया और पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उन्होंने ट्रॉफी उठाई। लगभग 15 साल के अपने शानदार करियर के दौरान ग्रेस केआरवाईपीएचएसए, सेतु एफसी, गोकुलम केरला और श्रीभूमि जैसे शीर्ष भारतीय क्लबों के लिए खेलीं।

### गिल और राहुल के शतक

# भारत ने तीन विकेट पर 368 रन बनाए

**मुल्लांपुर :** कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल के शानदार शतकों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शनिवार को तीन विकेट पर 368 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल कर ली। दिन का खेल समाप्त होने तक गिल 103 और ऋषभ पंत 50 रन बनाकर नाबाद थे। दोनों चौथे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल और राहुल ने तेज शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने 24 रन बनाए, लेकिन मोहम्मद सलीम की गेंद पर विकेटकीपर अफसर जजाई को कैच देकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन जोड़कर पारी



को संभाला। सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 104 गेंदों में 81 रन बनाए, लेकिन अपने पहले टेस्ट शतक से चूक गए। राहुल ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके लगाए। राहुल को शुरुआती दौर में जीवनदान भी मिला जब अफगानिस्तान ने डीआरएस का उपयोग नहीं किया। सुदर्शन के आउट होने के बाद कप्तान गिल ने मोर्चा संभाला और राहुल के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। राहुल शतक पूरा करने के तुरंत बाद आउट हो गए। गिल ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 143 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। खराब फॉर्म से जूझ रहे ऋषभ पंत ने भी संयमित बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद सलीम सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 67 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि जियाउर रहमान को एक सफलता मिली। खराब क्षेत्ररक्षण और छूटे हुए कैच अफगानिस्तान को भारी पड़े। भारत अब दूसरे दिन विशाल स्कोर खड़ा करने की कोशिश करेगा।

## विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026: भारत ने 22 स्वर्ण के साथ पदक तालिका में बढ़त कायम रखी

**अहमदाबाद :** मेजबान भारत ने शनिवार को यहां पहली बार आयोजित हो रही विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 में दबदबा लगातार तीसरे दिन भी जारी रखा और स्वर्ण पदकों की संख्या को 22 तक पहुंचा दी। नेपाल, जापान और अमेरिका ने एक-एक स्वर्ण पदक जीता। उम्मीद के मुताबिक भारत ने आयु वर्ग की लगभग हर स्पर्धा में पदक जीता। उन्होंने कुल 28 पदक जीते जिनमें 22 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। नबीला सोल बाराजा के दो स्वर्ण और दो रजत पदक की बदौलत अर्जेंटीना तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि सिंगापुर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया। पदक तालिका में नेपाल ने बड़ी बढ़त हासिल की और एक स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

## जापान को 4-1 से हराकर भारत बना पुरूष अंडर-18 एशिया कप चैंपियन



**काकामिगाहारा :** भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को जापान के काकामिगाहारा में खेले गए फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर पुरुष अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब जीत लिया। यह भारत का रिकॉर्ड तीसरा एशिया कप खिताब है। भारत की जीत के नायक आशिष तानी पुर्ती रहे जिन्होंने दूसरे, 28वें और 34वें मिनट में गोल दागकर हैट्रिक पूरी की। कप्तान केतन कुशवाहा ने 30वें मिनट में एक गोल किया। जापान के लिए मुकाबले का एकमात्र गोल नुमादा गाकू ने 52वें मिनट में किया। फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए आशिष तानी पुर्ती को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 13 गोल दागकर सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का सम्मान भी हासिल किया।

# सूर्यकुमार की जगह श्रेयस बने टी20 कप्तान, सूर्यवंशी को मौका





**मुंबई :** भारतीय टी20 क्रिकेट में शनिवार को बदलाव की नई बयार देखने को मिली जब श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में शामिल कर लिया गया। महज 15 वर्ष और 71 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 15 नवंबर 1989 को कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उस समय उनकी उम्र 16 वर्ष और 205 दिन थी। भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। इसके बाद टीम एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। अय्यर की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी तीन दिसंबर 2023 के बाद पहली बार हुई है। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच उसी दिन बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। विभिन्न दौरों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करने के बाद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा, ''श्रेयस के बारे में बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि उन्होंने विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का नेतृत्व करते हुए किस प्रकार का प्रदर्शन किया है। ''भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, '' उन्होंने एक बार फाइनल भी जीता और इस साल अच्छी शुरुआत के बाद उसे मुश्किल सत्र का सामना करना पड़ा। एक कप्तान को जिन-जिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है, वे सभी हमने उनके मामले में देखी हैं। व्यक्तिगत रूप से उनका प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है।''

## भारत के कप्तान के तौर पर अच्छा करेगा श्रेयस : रोहित

**मुंबई :** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि हाल के वर्षों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में श्रेयस अय्यर की शानदार कप्तानी को देखते हुए लगता है कि मुंबई का यह बल्लेबाज भारतीय टीम में नयी भूमिका में सफल होने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्रेयस को सबसे छोटे प्रारूप में भारत का नया कप्तान घोषित किया गया जबकि सूर्यकुमार यादव को टीम से बाहर कर दिया गया। तीन बार की विश्व कप विजेता टीम ने इस साल के एशिया कप, 2028 का ओलंपिक और टी20 विश्व कप जैसे अहम टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए कप्तानी में बदलाव किया। रोहित ने कहा कि आईपीएल में कप्तान के तौर पर श्रेयस का प्रदर्शन उन्हें भारतीय कप्तान की भूमिका के लिए जरूरी अनुभव देगा। आईपीएल में श्रेयस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 का खिताब जीता और 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया। टी20 मुंबई लीग के ब्रांड दूत रोहित ने शनिवार को यहां कहा, ''मुझे यकीन है कि पिछले कुछ वर्षों में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए उन्होंने जिस तरह से कप्तानी की है, उसे देखते हुए उनका समय अच्छा रहेगा।''

## भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराकर छठी बार सैफ महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता

**मडगांव :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां खेले गए फाइनल में बांग्लादेश पर 3-1 की शानदार जीत के साथ छठी बार सैफ महिला चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। भारत ने सात साल बाद यह ट्रॉफी जीती। टीम के लिए प्यारी खाका (42वें मिनट), सनफिदा नोंग्रम (46वें मिनट) और लिंडा कॉम सर्टो (82वें मिनट) ने गोल किए। बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोर्ना चकमा (45+2वें मिनट) ने किया। मेजबान टीम ने ग्रुप चरण में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 से हराया था। भारत ने टूर्नामेंट में बिना कोई मैच गंवाए अपना सफर पूरा किया। उन्होंने 18 गोल किए और सिर्फ एक गोल खाया जिससे टूर्नामेंट में उनका दबदबा साफ दिखा। भारतीय टीम ने मालदीव पर 11-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी और फिर बांग्लादेश को 3-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार पांच बार खिताब जीतने के बाद भारत पिछले दो चरणों में फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाया था। बांग्लादेश ने इन दोनों मौकों (2022 और 2024) पर नेपाल को हराकर ट्रॉफी जीती थी।

## मीरा आंद्रीवा ने रचा इतिहास, बनीं ग्रैंड स्लैम चैंपियन



**पेरिस :** रूस की टेनिस सनसनी मीरा आंद्रीवा ने शनिवार को यहां फ्रेंच ओपन महिला एकल के फाइनल में पोलैंड की माया च्वालिंस्का को 6-3, 6-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। आंद्रीवा ने विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ केवल 19 वर्ष की आयु में करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीतकर टेनिस जगत में नया अध्याय जोड़ दिया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि वह 1992 के बाद सबसे कम उम्र की महिला चैंपियन बनी हैं। यह रिकॉर्ड मोनिका सेलेस के नाम है जिन्होंने 18 वर्ष की आयु में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था।

# अंडर-18 एशिया कप में भारतीय हॉकी टीमों की सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय टीम को पुरुष अंडर-18 एशिया कप जीतने और भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम को इसी टूर्नामेंट में कांस्य पदक हासिल करने पर बधाई दी। भारतीय पुरुष अंडर-18 टीम ने काकामिगाहारा में शनिवार को खेले गए फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे युवा हॉकी खिलाड़ियों की यह शानदार उपलब्धि है। पुरुष अंडर-18 एशिया कप 2026 जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को बधाई। उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल और शानदार टीमवर्क का प्रदर्शन किया, जिसका समापन फाइनल में यादगार जीत के साथ हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सफलता युवाओं के बीच हॉकी की बढ़ती लोकप्रियता को भी दर्शाती है। टीम के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं। मोदी ने एक अन्य संदेश में महिला अंडर-18 टीम को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, अंडर-18 एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम को बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जुझारूपन दिखाया। यह उपलब्धि भारत में महिला हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की अपार क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, टीम को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।

## करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है नार्वे शतरंज खिताब : प्रज्ञानानंदा



**ओस्लो :** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नार्वे शतरंज का खिताब अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने प्रज्ञानानंदा ने कहा कि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन सहित शीर्ष खिलाड़ियों को हराने से यह सफलता और खास बन गई। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का स्तर बेहद ऊंचा था और सभी खिलाड़ी 2700 से अधिक रेटिंग वाले थे। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर में विन्सेंट कीमर को हराकर 18 अंकों के साथ खिताब जीता। उन्होंने बताया कि तेज लेकिन संयमित खेल और समय प्रबंधन उनकी सफलता की अहम वजह रहे।

## शैली और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने ताइपे ओपन में स्वर्ण पदक जीता, शिरसे को रजत मिला

**ताइपे सिटी :** लंबी कूद की खिलाड़ी शैली सिंह और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने शनिवार को न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस शिरसे ने 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस तरह प्रतियोगिता के पहले दिन में हिस्सा लेने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीते। शैली ने 6.24 मीटर की छलांग लगाई जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो नहीं था, लेकिन पहला स्थान दिलाने के लिए काफी था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.76 मीटर है जो उन्होंने 2023 में हासिल किया था। एस एस स्नेहा, श्रावणी नंदा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना की भारतीय महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 44.07 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता और मीट रिकॉर्ड की बराबरी की। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी शिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में 13.58 सेकंड का समय लिया। चीनी ताइपे के 20 वर्षीय ह्सिएह युआन-काई ने 13.57 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता का आखिरी दिन रविवार को है।

## साल के अंत में श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल सकता है भारत

**मुंबई :** भारत इस वर्ष के अंत में श्रीलंका दौरे पर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के अलावा तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल सकता है। यह टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में 15 दिन का समय उपलब्ध है इसलिए तीन टी20 मैचों की श्रृंखला आयोजित करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इस बीच, नेपाल क्रिकेट संघ ने भी बीसी-सीआई से अपनी ए टीम भेजने का अनुरोध किया है, ताकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला आयोजित की जा सके। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि विदेशी टी20 लीगों में खेलने के लिए पूर्व भारतीय खिलाड़ियों पर पांच वर्ष की अनिवार्य 'कूलिंग-ऑफ' अवधि लागू करने पर फिलहाल कोई विचार नहीं किया जा रहा है। हालांकि, इस विषय पर नीति का मसौदा तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। 'कूलिंग ऑफ' अवधि अगर लागू होती है तो बीसीसीआई के तहत होने वाले क्रिकेट से संन्यास के बाद खिलाड़ी किसी अन्य टूर्नामेंट में पांच साल तक नहीं खेल पाएंगे। अधिकारी ने शनिवार को कहा, नीति का प्रारूप तैयार करने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, लेकिन किसी विशेष अवधि की कूलिंग-ऑफ व्यवस्था लागू करने पर फिलहाल कोई चर्चा नहीं हो रही है।

# महिला अंडर-18 एशिया कप: कोरिया को 3-0 से हराकर भारत ने कांस्य पदक जीता



**काकामिगाहारा (जापान) :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां कोरिया के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में 3-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक जीता। भारत की ओर से संदीप कुमारी (दूसरे मिनट), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें मिनट) और नौशीन नाज (33वें मिनट) ने गोल दागे और टीम को पोडियम पर जगह दिलाई। सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनट में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी ने बेहतरीन संयम दिखाया और दूसरे ही मिनट में शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सर्कल के अंदर कुछ अच्छे मूव बनाए। टीम को इस इनाम 16वें मिनट में मिला जब स्वीटी कुजूर ने मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने एक और गोल दागा जब 33वें मिनट में टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर नौशीन ने मैदानी गोल दागकर प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या 12 तक पहुंचाई। मैच में शानदार प्रदर्शन और शुरुआती गोल करने के लिए संदीप कुमारी को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## व्यापार

# भारत की अगले दशक में वैश्विक तेल मांग वृद्धि में होगी आधी हिस्सेदारी: रोसनेफ्ट सीईओ सेंट

**पीटर्सबर्ग :** रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इगोर सेचिन ने कहा है कि आने वाले एक दशक में वैश्विक तेल मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा भारत से आएगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' की शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेचिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक तेल बाजार में भारत का विशेष स्थान है। सेचिन ने कहा, अगले 10 वर्षों में वैश्विक तेल मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा इसी देश (भारत) से आएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि साल 2035 तक भारत की तेल खपत लगभग 80 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच जाएगी, जो 44 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। इसके उलट, इस अवधि के दौरान कुल वैश्विक मांग में केवल पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। रोसनेफ्ट के प्रमुख ने यह भी कहा कि अप्रैल 2022 से रूसी तेल की आपूर्ति ने भारत और चीन के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ पैदा किए हैं। सेचिन ने दावा किया कि इन लाभों का कुल संचयी मूल्य 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के साथ रूस की आर्थिक साझेदारी ने ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद की है। इसके साथ ही उन्होंने तर्क दिया कि रूस को वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं से बाहर नहीं किया जा सकता है। सेचिन ने चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा से उर्वरक और खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल आ सकता है, और इस प्रभाव को लेकर सबसे संवेदनशील देशों में भारत भी शामिल है। 'तास' ने सेचिन के हवाले से कहा कि साल के पहले चार महीनों में उर्वरकों की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आपूर्ति में रुकावट और प्रभावित बाजारों में रणनीतिक भंडार की कमी ने वैश्विक खाद्य संकट के जोखिम को बढ़ा दिया है।

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था: राजनाथ



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जब कई देश आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं, उस समय भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था की अपनी पहचान बनाए हुए है। सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि चौथी तिमाही में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह पिछले 12 वर्षों में 'सुधार, प्रदर्शन, रूपांतरण' के मंत्र से निर्मित इसके लचीलेपन एवं अंतर्निहित शक्ति को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास को स्थिरता, विश्वास, निरंतरता और विश्वसनीयता के साथ जोड़ा है। रक्षा मंत्री ने कहा, जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की परिकल्पना की ओर बढ़ रहा है, यह उल्लेखनीय विकास गाथा नए अवसर पैदा कर रही है और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को मजबूत कर रही है।

# मध्यप्रदेश ने लातिन अमेरिका एवं कैरेबियाई देशों के साथ व्यापार, निवेश बढ़ाने पर दिया जोर

**इंदौर :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को लातिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंध मजबूत करने की वकालत करते हुए कहा कि इन देशों को राज्य का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 19 प्रतिशत बढ़कर लगभग 3,835 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यादव ने कहा कि दवा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित 'भारत-लातिन अमेरिका एवं कैरेबियाई व्यापार एवं निवेश मंच 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है और मध्यप्रदेश इस विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। '' उन्होंने कहा कि भौगोलिक दूरियां चाहे जितनी भी हों, सांस्कृतिक मूल्य, प्रकृति के प्रति सम्मान, लोक परंपराएं, संगीत और सामाजिक जीवन की अनेक समानताएं भारत और लातिन अमेरिका एवं कैरेबियाई देशों को निकट लाती हैं। ये समानताएं भविष्य के द्विपक्षीय सहयोग की मजबूत आधारशिला बन सकती हैं। मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि वित्त वर्ष 2025-26 में लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों को मध्यप्रदेश का निर्यात लगभग 3,835 करोड़ रुपये रहा जो इसके एक साल पहले की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। यादव ने सम्मेलन में दवा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, खनन, लॉजिस्टिक, विनिर्माण और पर्यटन के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने की व्यापक संभावनाओं पर गौर किए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

# सरकार ने खाद्य तेलों की पैकिंग के मानक आकार तय किए

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने खाद्य तेलों के पैक के लिए तय आकार निर्धारित किए हैं, ताकि उपभोक्ता अलग-अलग ब्रांडों की कीमत आसानी से तुलना कर सकें और सही खरीद फैसला ले सकें। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, विभाग ने खाद्य तेलों एवं वसा के शुद्ध मात्रा निर्धारण तथा मानक पैक आकार से जुड़ी मानक संचालन प्रक्रिया (एस-ओपी) में संशोधन किया है। इसके तहत विनिर्माताओं, पैक करने वालों और आयातकों को नए नियमों का पालन करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। संशोधित एसओपी में प्रमुख खाद्य तेलों के लिए नौ मानक पैक आकार तय किए गए हैं। इनमें 200 मिलीलीटर/ ग्राम, 500 मिलीलीटर/ ग्राम, एक लीटर/ किलोग्राम, दो लीटर/ किलोग्राम, तीन लीटर/ किलोग्राम, चार लीटर/ किलोग्राम, पांच लीटर/ किलोग्राम, 15 लीटर/ किलोग्राम और 20 लीटर/ किलोग्राम शामिल हैं। यह नियम पाम, सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूंगफली, तिल, राइस ब्रान, कपास बीज और मक्का तेल सहित मिश्रित खाद्य तेलों पर लागू होगा। यह निर्णय देश के लगभग 90 प्रतिशत खाद्य तेल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया है। नए मानकों के तहत, यदि खाद्य तेल की मात्रा आयतन में दर्शाई जाती है, तो पैक पर उसका समकक्ष वजन भी स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा, जैसा कि विधिक माप विज्ञान नियम, 2011 में प्रावधान है। ये प्रावधान देश में निर्मित और आयातित दोनों प्रकार के खाद्य तेलों पर लागू होंगे। हालांकि 200 मिलीलीटर/ ग्राम से छोटे आकार वाले पैक और कुछ छोटे स्तर के खाद्य तेलों को मानक पैक आकार के नियम से छूट दी गई है। ऐसा सस्ती छोटी पैकिंग की उप-लब्धता को बनाए रखने के लिए किया गया है। विभाग ने कहा कि जो कंपनियां तय समय-सीमा से पहले ही इन मानक पैक आकारों को अपनाना चाहती हैं, वे तुरंत ऐसा कर सकती हैं।

# भारत की कुछ सरकारी एजेंसियों, निजी कंपनियों को एंथ्रोपिक के 'मिथोस' मॉडल तक पहुंच मिली

**नयी दिल्ली :** सरकारी एजेंसियों और निजी क्षेत्र की कुछ भारतीय कंपनियों को अमेरिकी कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एंथ्रोपिक के उन्नत एआई मॉडल 'मिथोस' तक पहुंच मिली है। यह पहुंच कंपनी के 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' कार्यक्रम के विस्तार के तहत दी गई है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि मिथोस तक पहुंच हासिल करने वाले भारतीय संगठनों की संख्या फिलहाल एकल अंक में ही है और इनमें सरकारी एवं निजी, दोनों तरह की संस्थाएं शामिल हैं। हालांकि, सूत्रों ने मिथोस तक पहुंच हासिल करने वाली भारतीय संस्थाओं के नाम उजागर नहीं किए। इस संबंध में टिप्पणी के लिए एंथ्रोपिक को भेजे गए ईमेल का अब तक कोई जवाब नहीं आया है। 'मिथोस' एंथ्रोपिक का उन्नत एआई मॉडल है, जिसे सॉफ्टवेयर में सुरक्षा खामियों की पहचान करने और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी के 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' कार्यक्रम का उद्देश्य अहम डिजिटल प्रणालियों को साइबर हमलों से सुरक्षित बनाना है। इसके तहत चुनिंदा संगठनों को 'क्लॉड मिथोस प्रीव्यू' नामक उन्नत एआई मॉडल का उपयोग करने दिया जाता है। अप्रैल में इस पहल की शुरुआत के समय करीब 50 वैश्विक साझेदारों को इसका हिस्सा बनाया गया था। पिछले सप्ताह इस कार्यक्रम का विस्तार कर 15 से अधिक देशों के लगभग 150 अतिरिक्त संगठनों को इससे जोड़ा गया जिनमें बिजली, जल, स्वास्थ्य, संचार एवं हार्डवेयर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े संस्थान शामिल हैं। एंथ्रोपिक ने दो जून को एक बयान में कहा था, ''नए सा-झेदारों में कई विक्रेता शामिल हैं। ये ऐसी कंपनियां या गैर-लाभकारी संगठन हैं, जो ऐसे कोडबेस का रखरखाव करते हैं, जिन पर सरकारों समेत दुनिया भर के कई संगठन निर्भर करते हैं।''



सेवा, शिक्षा, चिकित्सा व ज्ञान का श्रद्धास्थल

# महाराजा अग्रसेन धाम

Om Tower, 32 JL Nehru Road, 2nd Floor, Room No. 202
Kolkata-700 071

## अग्र मेधा सम्मान 2026

रविवार 14 जून, 2026
प्रात: 10:00 बजे

स्थान: धनधान्यो ऑडिटोरियम
कोलकाता

अग्रवाल समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की उपलब्धि का मूल्यांकन करते हुए इस वर्ष भी उन्हें अग्र मेधा सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा।

कृपया चयनित छात्र-छात्राएं प्रात: 8:00 बजे निर्धारित स्थान पर पहुँचें।



उद्घाटनकर्ता
**श्री शमिक भट्टाचार्य,** सांसद, राज्यसभा
अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम बंगाल

अग्र समाज बंधुओं को सादर आमंत्रण

समारोह के उपरान्त भोजन की व्यवस्था है।




### -: मार्गदर्शक मण्डल :-

पूज्य गुरुजी श्री श्रीकांत जी शर्मा

| | |
|---|---|
| श्री राधेश्याम गोयनका | श्री राजेश मित्तल |
| श्री नंदलाल रूंगटा | श्री अशोक तोदी |
| पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल | श्री बृजमोहन गाड़ोदिया |
| पद्मश्री सज्जन भजनका | श्री रमेश सरावगी |
| श्री सज्जन बंसल | श्री जे. पी. अग्रवाल |
| श्री विश्वनाथ सेक्सरिया | श्री विवेक गुप्ता |
| श्री सत्यनारायण देवरालिया | श्री अनुज डिडवानिया |

### -: कार्यकारिणी समिति :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री सुशील गोयनका | श्री विश्वनाथ अग्रवाल | श्री राजीव कानोड़िया | श्री एन. के. अग्रवाल | श्री शंकर लाल अग्रवाल |
| श्री ललित बेरीवाल | श्री विनोद अग्रवाल | श्री पवन माधोगड़िया | श्री हेमचंद गोयनका | श्री केशव कुमार बूबना |
| श्री कुंजबिहारी अग्रवाल | श्री मनोज बगड़िया | श्री प्रमोद कुमार झ्रोलिया | श्री गोपाल नरेडी | श्री सुधीर सतनालीवाला |
| श्री विनोद गुप्ता | श्री रमेश कुमार सोन्थलिया | श्री बजरंग लाल अग्रवाल | श्री नरेश अग्रवाल | श्री नवीन टिकमानी |
| श्री विवेक अड़ूकिया | श्री पवन टिबड़ेवाल | श्री गिरधारी लाल गोयनका | श्री रवि खेतान | श्री सुनील धनानिया |
| श्री बिरम प्रकाश सुल्तानिया | श्री जुगल जाजोदिया | श्री बिनोद केडिया | श्री सुशील मित्तल | श्री आनंद केजरीवाल |
| श्री कैलाश कयाल | श्री बनवारी लाल चौधरी | श्री सुरेश अग्रवाल | श्री अमित केडिया | श्री मुकेश गोयल |
| | | | श्री विक्की राज सिकरिया | श्री सुशील हिरावत |
| | | | | श्री प्रदीप खेतान |

### महाराजा अग्रसेन धाम

| अध्यक्ष | महामंत्री | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| ओम जालान | निर्मल सराफ | अनिल केडिया |
| *उपाध्यक्ष* | *सह मंत्री* | *सह कोषाध्यक्ष* |
| मुरारीलाल दीवान | भगवान दास अग्रवाल | दीपक अग्रवाल |
| दिनेश अड़ूकिया | अशोक चूड़ीवाला | अभिनव अग्रवाल |

### आयोजन समिति

निरंजन अग्रवाल
विवेक अड़ूकिया
अशोक चूड़ीवाला
बजरंग लाल अग्रवाल

### महाराजा अग्रसेन धाम (महिला समिति)

| अध्यक्ष | मंत्री | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| सुमन जालान | सरिता सराफ | निर्मला अग्रवाल |
| *उपाध्यक्ष* | *सह मंत्री* | *सह कोषाध्यक्ष* |
| सुनीता अड़ूकिया | प्रेम कयाल | ममता केडिया |
| स्वाति अग्रवाल | बीना चूड़ीवाला | सुलेखा बगड़िया |
| | बबीता दीवान | |

### मंच संयोजक

श्री प्रकाश चंडालिया

Event By
anand
+91 98310 11000

**सम्पर्क:** धाम ऑफिस +91 79801 09085 | E-mail: maharajaagrasain@gmail.com

सौजन्य: BENGAL ENERGY

BENGAL ENERGY LTD.

वर्ष 11, पूर्णांक 3615 अंक 081 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in